हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 274, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 6 अप्रैल, 2024 दिन शनिवार गाजीपुर/वाराणसी

जो काम अब तक हुआ वो तो सिर्फ ट्रेलर है अभी बहुत कुछ करना है : पीएम मोदी

अगर राम का नाम लिया तो पता नहीं कब राम-राम हो जाए..., कांग्रेस पर प्रधानमंत्री का तंज

चुरू। लोकसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की घोषणा के बाद राजनीतिक दलों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी राजस्थान के चुरू में रैली को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि पूरा राजस्थान कह रहा है... फिर एक बार मोदी सरकार। वहीं, मोदी ने आज कांग्रेस के घोषणापत्र पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा घोषणा पत्र नहीं, सकंल्प लेती है। कहा कि जो काम अब तक हुआ है, वो तो सिर्फ ट्रेलर है। अभी बहुत कुछ करना है। बहुत सारे सपने हैं, हमें देश को बहुत आगे लेकर जाना है। पीएम ने इसी के साथ कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें लगता है कि राम का नाम अगर ले लिया तो पता नहीं कब राम-राम हो जाए। पीएम ने आगे कहा कि आज देश में मोदी की गारंटी की चर्चा हो रही है। मोदी की गारंटी कैसे पूरी होती है और कितनी रफ्तार से पूरी होती है, राजस्थान उसका बहुत बड़ा उदाहरण है। आज हम जल जीवन मिशन योजना लेकर घर-घर में पानी का कनेक्शन देने का लगातार

प्रयास कर रहे हैं। राजस्थान में करीब 50 लाख घरों में पीने का शुद्ध पानी पहुंचाया जा चुका है। कांग्रेस सरकार हमारी इस योजना में भी भ्रष्टाचार करने का मौका नहीं छोड़ती थी। लेकिन अब उन कमियों को भी दूर किया जा रहा है। राजस्थान के 4.50 करोड़ जरूरतमंदों को हर महीने मुफ्त राशन भी दिया जा रहा है। यानी जीवन के हर पड़ाव पर भाजपा सरकार गरीब के साथ खड़ी है। जो काम इतने दशक में नहीं हुए, वो हमने 10 साल में करके दिखाए। इसलिए मैं कहता हूं- जब नीयत सही, तो नतीजे सही। पीएम ने कहा, देशहित से भी ज्यादा कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण को प्राथमिकता दी है। ये वो लोग हैं, जिन्होंने कोर्ट में जाकर कहा था कि प्रभु श्रीराम तो काल्पनिक हैं। अभी कुछ महीने पहले ही अयोध्या में, भव्य राम मंदिर का सपना पूरा हुआ।पूरा देश प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मन रहा था, लेकिन कांग्रेस पार्टी खुलेआम हमारी आस्था का अपमान कर रही थी।

पीएम ने हमला बोलते हुए कहा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले सिर्फ अपना हित देखते हैं। इन्हें गरीब, दलित, शोषित-वंचित के कल्याण से, उनके सम्मान से कोई मतलब नहीं है। ये वही लोग हैं, जिन्होंने कभी बाबा साहब अंबेडकर का सम्मान नहीं किया। इसी कांग्रेस ने दशकों तक बाबा साहब को भारत रत्न नहीं मिलने दिया। इन लोगों ने देश में आपातकाल लगाया, संविधान को बंधक बनाया। इस इंडी अलायंस के लोगों ने कभी पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया। दशकों पुरानी ये मांग भाजपा सरकार ने पूरी की। जब इन परिवारवादी भ्रष्टाचारियों की लूट का हिसाब हो रहा है, तो ये सब एक हो गए हैं। मैं कहता हूं - भ्रष्टाचार हटाओ, वे कहते हैं - भ्रष्टाचारी बचाओ। हमारे जवान 'वन रैंक-वन पेंशन' की मांग करते थे। कांग्रेस ने इसे भी कभी पूरा नहीं होने दिया। हमारी सरकार बनी तो हमने सैनिकों को 'वन रैंक-वन पेंशन' का अधिकार दिया और सीमा पर पलटवार करने की खुली छूट भी दी।

चुनाव आयोग ने आतिशी को भेजा नोटिस, 8 अप्रैल तक मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक नेता ने उनके करीबी से संपर्क साधा है। उनको बोला है कि आतिशी को अपना करियर बचा के रखना है तो वह जल्द भाजपा में शामिल हो जाएं। आप मंत्री के आरोपों पर चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है और आतिशी को एक नोटिस भेजा है। आतिशी को सोमवार यानी 8 अप्रैल तो दोपहर तक जवाब देने के लिए कहा है। इससे पहले भाजपा ने आतिशी को मानहानि का नोटिस भेजा था। आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, '4 अप्रैल को भाजपा ने मेरी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। 5 अप्रैल को सुबह 11:15 बजे न्यूज चैनलों पर फ्लैश हुआ कि आतिशी को नोटिस भेजा गया है, लेकिन खबर के आधे घंटे बाद मुझे मेल पर नोटिस मिला। इसका मतलब यह है कि भाजपा पहले चुनाव आयोग का नोटिस मीडिया में प्रसारित करती है और उसके बाद मुझे नोटिस मिलता है। मेरा सवाल यह है कि क्या चुनाव आयोग भाजपा का सहायक संगठन बन गया है। आतिशी ने कहा, 'यह चिंता की बात है कि सभी केंद्रीय एजेंसियों और संस्थानों ने भाजपा के सामने घुटने टेक दिए हैं और अब तो चुनाव आयोग भी भाजपा के सामने नतमस्तक हो गया है।

कांग्रेस के घोषणापत्र में गरीब महिलाओं को सालाना 1 लाख, किसानों से कर्जमाफी का वादा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव शुरू होने में कुछ ही दिन बचे हैं। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने आखिरी दांव खेल रही हैं। इसी बीच, आज कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति मुख्यालय में घोषणापत्र जारी किया। पार्टी ने अपने घोषणापत्र को न्याय पत्र का नाम दिया है। खरगे ने कहा कि घोषणापत्र पांच न्याय और 25 गारंटी पर आधारित है। यह पांच न्याय 'हिस्सेदारी न्याय', 'किसान न्याय', 'नारी न्याय', 'श्रमिक न्याय' और 'युवा न्याय' हैं। हालांकि, कांग्रेस के घोषणापत्र में 10 न्याय संकल्प की बात की गई है। इस मौके पर कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, पार्टी की घोषणा पत्र समिति के प्रमुख और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम और कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। घोषणापत्र में 25 तरह की गारंटियां दी गई हैं। खरगे ने कहा कि हमारा घोषणापत्र गरीबों को समर्पित है। उन्होंने आगे कहा, 'हमारा यह घोषणापत्र देश के राजनीतिक इतिहास में न्याय के दस्तावेज के

रूप में याद किया जाएगा। राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाई गई 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' इसी पर केंद्रित थी। यात्रा के दौरान पांच स्तंभों- युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा की गई। इन पांच स्तंभों में से 25 गारंटी निकलती हैं और हर गारंटी में किसी न किसी को लाभ मिलता है।'

कांग्रेस के घोषणा पत्र की बड़ी बातों की अगर बात की जाए तो इसमें केंद्र सरकार में 30 लाख नौकरियां, गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना, जाति जनगणना, एमएसपी को कानूनी दर्जा, मनरेगा मजदूरी 400 रुपये, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने और पीएमएलए कानून में बदलाव का एलान किया गया है। पार्टी ने युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है। कांग्रेस ने हिस्सेदारी न्याय के तहत जाति जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की गारंटी दी है। पार्टी ने किसान न्याय के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी दर्जा, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है। कांग्रेस ने श्रमिक न्याय के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजूदरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया है। साथ ही नारी न्याय के अंतर्गत महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने समेत कई वादे किए हैं। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और विकलांग व्यक्तियों के लिए पेंशन में केंद्र सरकार का योगदान 200-500 रुपये प्रति माह दयनीय है।

यूपी के 17 लाख मदरसा छात्रों को बड़ी राहत सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के 22 मार्च को दिए आदेश पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में 'यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004' को असंवैधानिक बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के ये कहना कि मदरसा बोर्ड संविधान के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांत का उल्लंघन करता है, ये ठीक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ ही मदरसा बोर्ड के 17 लाख छात्रों और 10 हजार अध्यापकों को अन्य स्कूलों में समायोजित करने की प्रक्रिया पर भी रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मामले में केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस भी जारी किया है।

हाईकोर्ट ने बताया था असंवैधानिक- अंशुमान सिंह राठौर नामक एक वकील ने यूपी

मदरसा कानून की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर हाईकोर्ट ने मदरसा कानून को असंवैधानिक मानते हुए इसे खत्म करने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट की जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की डिविजन बेंच ने अपने आदेश में कहा कि 'सरकार के पास यह शक्ति नहीं है कि वह धार्मिक शिक्षा के लिए बोर्ड का गठन करे या फिर किसी विशेष धर्म के लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड बनाए।' इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने अपने आदेश में राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह राज्य के मदरसों में पढ़ रहे छात्रों को अन्य स्कूलों में समायोजित करे। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में ये भी कहा था कि मदरसा कानून 'यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) कानून 1956' की धारा 22 का भी उल्लंघन करता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 16,513 पंजीकृत और 8,449 गैर पंजीकृत मदरसे राज्य में संचालित हैं। जिनमें करीब 25 लाख छात्र पढ़ते हैं।

मीसा ने पीएम मोदी पर बोला हमला, कहा- 1990 से लोग लगे हैं, लालू का कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी और पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से उम्मीदवार मीसा भारती ने पीएम नरेंद्र पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री दामाद के लिए जमुई आए थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री परिवारवाद पर बोल रहे थे लेकिन लालू प्रसाद ने इनके परिवार की लिस्ट जारी कर दी है। पीएम के नौकरी के बदले जमीन वाले बयान पर मीसा भारती ने कहा कि 1990 से उनके पीछे लोग लगे हैं। कोई भी लालू जी का कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। प्रधानमंत्री अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए यह सब बातें करते हैं। उन्होंने कौन सा वादा पूरा किया। हमलोगों ने जो वादा किया वह बिहार में करके दिखाया है। हमें जब मौका मिला तो हमने जो कहा, वह करके दिखाया है। तेजस्वी यादव ने पांच लाख लोगों को सरकारी नौकरियां दी। महंगाई और बेरोजगारी को छुपाने के लिए परिवारवाद की बात प्रधानमंत्री करते हैं। जनता समझ चुकी है और सही समय पर इनका जवाब देगी। जो लोग चार सौ पार का नारा देख रहे हैं, उनकी काम को जनता देख रही है। उन्होंने रामकृपाल यादव पर जमकर हमला बोला और कहां थी एक उपलब्धि वह गिना दें फिर हमसे बात करें। लालू यादव के बात पर कोई विश्वास नहीं करता है। कोई भरोसा नहीं करता है। उनको लोगों ने काफी

सालों से देखा है। वह परिवारवाद, भाई-भतीजावाद और घोटालों और अपराधियों को साथ रखने के लिए के लिए प्रसिद्ध हैं। महागठबंधन' के सभी नेताओं ने मान लिया है कि पीएम नरेंद्र मोदी का मुकाबला कोई नहीं कर सकता। वे जानते हैं, लोग उन्हें 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटों के साथ फिर से प्रधान मंत्री बनाएंगे। वे पीएम मोदी की लोकप्रियता से परेशान हैं।

आंतकवाद और अराजकता का खात्मा हुआ : योगी

बागपत। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह आज शुक्रवार को बागपत पहुंचे हैं। सीएम योगी का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन में लैंड हुआ। इसके बाद मुख्यमंत्री कार से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। सीएम योगी ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के साथ अपने भाषण की शुरूआत की। इस दौरान पूरा मैदान जयकारों से गूंज उठा। सीएम योगी ने गठबंधन प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के पक्ष में रैली को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जनता से कहा कि गठबंधन प्रत्याशी राजकुमार सांगवान के समर्थन में हर बूथ पर मजबूती के साथ मतदान करना है। गेटवे इंटरनेशनल स्कूल बागपत में विजय शंखनाद रैली में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उन्हें फिर से बागपत की पावन धरती पर आने का मौका मिला है। यह वह धरती है जहां से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चरण सिंह ने अपनी राजनीति की शुरूआत की थी। बागपत की धरती से ही महाभारत की नींव रखी गई

थी। देश की सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री को देश का सर्वोच्च सम्मान देकर देश के अन्नदाता और प्रदेश के लोगों का सम्मान किया है। पूर्व प्रधानमंत्री को सर्वोच्च सम्मान मिलने पर नमन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चौधरी चाण सिंह के आदर्शों को ध्यान में रखकर पार्टी का एजेंडा बनाया और देश व प्रदेश में लागू किया है। उन्होंने कहा कि बागपत का मतलब यानी चुनाव की गर्मी शुरू हो गई है। आज बागपत प्रगतिशील जनपत है। यह वही बागपत है, जहां से भगवान श्रीकृष्ण ने लीला की थी और यहीं से महाभारत की नींव तैयार हुई थी। आज प्रदेश की 120 चीनी मिलों में से 105 मिल दस दिन में भुगतान कर रही है। विदेशों में देश के लोगों का सम्मान हो रहा है। भाजपा सरकार देश की सीमा के अलावा व्यापारी वर्ग और बेटियां सुरक्षित हैं। आंतकवाद और अराजकता का खात्मा हुआ है। प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिला है। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी की 'ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा' इस बात पर बहुत लोगों को मिर्ची लगी होगी लेकिन, बागपत के लोगों को यह बात पसंद आई है। सीएम योगी ने कहा कि यदि मैं यहां से उम्मीदवार होता तो जितनी वोट आप मुझे देते, उससे ज्यादा वोट देकर राजकुमार सांगवान को जिताना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के लिए जो कुछ भी किया, वह किसी से छिपा नहीं है। कहा कि बागपत के विधायक या सांसद ने जो भी प्रस्ताव रखा, मैंने उन्हें करने में देरी नहीं की। किसी भी काम में 24 घंटे से अधिक समय नहीं लगा। उन्होंने कहा कि बागपत में एक से बढ़कर एक हाईवे बन रहे हैं। एक-दो नहीं 5-5 हाईवे से बागपत जुड़ा हुआ है।

बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के खिलाफ तहरीर, मौलाना ने की गिरफ्तार करने की मांग

लखनऊ। बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री द्वारा अली पर विवादित बयान देने का आरोप कुछ मौलानाओं ने लगाया गया। शुक्रवार को शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ चौक कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। कोतवाली में दी तहरीर में सैफ अब्बास नकवी ने आरोप लगाया कि धीरेंद्र शास्त्री ने शिया-सुन्नी की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। आरोप लगाया कि इससे हिंदुओं की श्रद्धा को भी ठेस पहुंची है।

मौलाना ने बताया कि हजरत अली के प्रति हर रंग, हर धर्म, हर जनजाति के लोग श्रद्धा रखतें हैं। मौलाना सैफ अब्बास ने चुनाव आयोग और भारत सरकार से धीरेंद्र शास्त्री को गिरफ्तार करने और कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है। चौक थाना प्रभारी नागेश उपाध्याय से करवाई का आश्वासन मिलने के बाद मौलाना सैफ अब्बास समेत उनके साथ साथ मौजूद अन्य लोग वापस चले गए। उनके साथ मौलाना मुस्तफा अली खान, मौलाना शफीक आबदी, मौलाना कमरूल हसन, मौलाना आसिफ सीथली, मौलाना अफजल अब्बास, मौलाना नासिर जैदी,

मौलाना मिर्जा वाहिद हुसैन, मौलाना मुहम्मद मशरेकैन, मौलाना रहबर अस्करी और मौलाना सोहैल अब्बास के वकील और विभिन्न संगठनों के मुख्य सदस्य चौक थाने में पहुंचे थे। दोपहर धीरेंद्र शास्त्री का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ। उन्होंने इसमें कहा कि उनका मकसद किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का नहीं था। वह क्षमा मांगते हैं।

केजरीवाल के खिलाफ हुई साजिश, भाजपा ने किया शराब घोटाला : आप सांसद संजय सिंह

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत पर छह महीने बाद आप सांसद संजय सिंह बुधवार को जेल से बाहर आए। जमानत मिलने के बाद राज्यसभा सांसद संजय सिंह राजनीतिक तौर पर सक्रिय हो गए हैं। आज संजय सिंह ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि केजरीवाल के खिलाफ साजिश हुई है। इस साजिश में भाजपा के बड़े नेता शामिल हैं। भाजपा ने शराब घोटाला किया है। संजय सिंह ने कहा, 'आज मैं आपके सामने यह बताने के लिए आया हूं कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने की साजिश कैसे रची गई। यह शराब घोटाला भाजपा ने किया है। इस घोटाले में भाजपा के वरिष्ठ नेता शामिल हैं।' संजय सिंह ने कहा, 'एक व्यक्ति हैं, मगुंटा रेड्डी, जिन्होंने तीन बयान दिए, उनके बेटे राघव मगुंटा ने सात बयान दिए। 16 सितंबर को जब उनसे (मगुंटा रेड्डी से) पहली बार ईडी ने पूछा कि क्या वह अरविंद केजरीवाल को जानते हैं, तो उन्होंने सच बताया और कहा कि उन्होंने अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की लेकिन चैरिटेबल ट्रस्ट की जमीन के मामले में मैं मिला था। लेकिन उसके बाद उनके बेटे को गिरफ्तार

कर लिया गया और पांच महीने जेल में रखने के बाद उनके पिता ने अपना बयान बदल दिया।' आप सांसद ने आगे कहा, 'मगुंटा रेड्डी पर 16 सितंबर को पहली बार कार्रवाई होती है, 10 फरवरी तक उसे कहा जाता है केजरीवाल के खिलाफ बयान दो जिसके बाद उसके बेटे को गिरफ्तार किया गया। राघव मगुंटा के सात बयान लिए जाते हैं। उन्होंने सात में से छह बयानों में अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कुछ नहीं कहा, लेकिन 16 जुलाई को सातवें बयान में उन्होंने अपना रुख बदल लिया और साजिश का हिस्सा बन जाता है। पांच महीनों की प्रताड़ना के बाद के बाद वह बदल जाता है। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान देता है।' आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा, 'सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि उन छह बयानों (राघव मगुंटा के) और उनके पिता के दो बयानों को हटा दिया गया और ईडी ने कहा कि हमें उस पर भरोसा नहीं है। ऐसे बयान जो अरविंद के खिलाफ नहीं थे, जिन बयानों में अरविंद केजरीवाल का नाम नहीं था, ईडी ने कहा कि हमें इसपर भरोसा नहीं है। बाप-बेटे पर दबाव बनाकर अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान लिया गया। मगुंटा रेड्डी की तस्वीर पीएम मोदी के साथ है। 16 जुलाई को केजरीवाल के खिलाफ बयान देने के बाद 18 जुलाई को इनकी जमानत हो जाती है। यह बहुत बड़ी साजिश है।' भूरे रंग की जैकेट के साथ सफेद कुर्ता-पायजामा पहने राज्यसभा सदस्य जेल से बाहर निकले तो आप कार्यकताओं ने उन्हें माला पहनाई। कार्यकताओं ने नारा लगाया, देखो देखो कौन आया, शेर आया, शेर आया और संजय सिंह जिंदाबाद। उन्होंने उन पर गुलाब की पंखुड़ियां भी बरसाईं। इसके बाद संजय सिंह अपनी गाड़ी के ऊपर चढ़ गए और कार्यकताओं को संबोधित किया।

जम्मू-कश्मीर में दो दहशतगर्द मार गिराए, उड़ी में सेना ने चलाया ऑपरेशन

जम्मू। उत्तरी कश्मीर के बारामुला में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। जिले के उड़ी सेक्टर के सबुरा नाले में सैनिकों ने दो घुसपैठियों को मार गिराया है। अभी ऑपरेशन चल रहा है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को पाकिस्तान की तरफ से आ रहे घुसपैठियों ने उड़ी में रुस्तम पोस्ट पर भारत की सीमा में घुसने की कोशिश की। सेना के 5 जम्मू कश्मीर राइफल के जवानों ने उन्हें पीछे हटने के लिए कहा। ऐसा नहीं करने पर गोलीबारी शुरू हुई। इसमें दो आतंकवादियों को मार गिराया है। एक आतंकवादी का शव बरामद कर लिया गया है। अभी ऑपरेशन जारी है। आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) से लेकर नियंत्रण रेखा (एलओसी) तक सुरक्षाबलों की तरफ से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसी बीच पाकिस्तानी की तरफ से की गई घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया गया है। इससे पहले गुरुवार को बारामुला जिले में कुख्यात नशा तस्कर का एक भूखंड, एक मकान और 20 लाख रुपये की नकदी जब्त की है। यह संपत्ति नशे के काले कारोबार से अर्जित धन से जुटाई गई थी।बारामुला जिले में पुलिस नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। वीरवार को कुंजर थाने में कुख्यात नशा तस्कर फारूक अहमद मीर की के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक कनाल 10 मरला भूमि, एक मंजिला मकान और 20 लाख रुपये की नकदी जब्त की है। पिछले वर्ष दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, मीर लंबे समय से नशे के काले कारोबार में शामिल है। उसके खिलाफ तंगमर्ग सहित कई पुलिस थानों में केस दर्ज हैं। पुलिस ने जांच के दौरान संपत्ति की पहचान नशे के कारोबार से अवैध रूप से अर्जित संपत्ति के रूप में की थी। इससे पहले पुलिस ने बारामुला जिले में ड्रग तस्करों की लगभग 60 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की थी।

संपादकीय

भूकंप संग जीना

बीते बुधवार को ताइवान ने पिछले पच्चीस साल में आए सबसे तेज भूकंप का सामना किया। निश्चित रूप से भूकंप से हमारे संरचनात्मक विकास सड़क, पुल व सार्वजनिक निर्माण को क्षति पहुंचती है। लेकिन ताइवान ने पिछले भूकंपों से हुई मानवीय त्रासदी से सबक लेकर जिस तरह जनधन की हानि को कम किया है, वह काबिले तारीफ है। इस भूकंप में गिनती के लोगों को जान गंवानी पड़ी। बड़ी बिल्डिंगें हिली मगर क्षति मामूली हुई। दरअसल, ताइवान ने आधुनिक तकनीक व कुशल अग्रिम सूचना की व्यवस्था से आपदा से होने वाली क्षति को टाला है। भूकंप के केंद्र उत्तरी तट पर स्थित ख्वालिएन में 7.4 तीव्रता के भूकंप से क्षति स्वाभाविक थी, लेकिन सुनियोजित राहत व बचाव से जनक्षति को कम किया जा सका। सुरंगों व इमारतों में फंसे लोगों को बचाने का काम तत्परता से किया जा रहा है। जहां तक इस पहाड़ी इलाके में भूस्खलन का सवाल है तो मानव उसे टाल नहीं सकता। भूकंप से बचाव के ताइवानी सिस्टम बेहतर ढंग से काम कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जापान आदि पड़ोसी देशों ने भूकंप के बाद सुनामी की अग्रिम सुरक्षा चेतावनी जारी कर दी। दरअसल भूकंप से होने वाली क्षति इस बात पर निर्भर करती है वह किस समय आया। बुधवार को आया भूकंप सुबह आया, यदि यह देर रात या तड़के आता तो क्षति ज्यादा हो सकती थी। यद्यपि ताइवान में भी सड़क व रेल परिवहन प्रभावित जरूर हुआ है। दरअसल, सितंबर 1999 में ताइवान में आए 7.6 तीव्रता के भूकंप में करीब ढाई हजार लोगों की मौत हुई थी और करीब पांच हजार इमारतें क्षतिग्रस्त हुई थीं। जिसके बाद वहां भवन व सार्वजनिक निर्माण में सुरक्षा मानकों को गंभीरता से लिया गया। इन मानकों का पालन अनिवार्य रूप से किया गया और सख्ती से उसकी निगरानी की गई। सरकारों की सजगता व नागरिकों की जागरूकता ने इस संकट का मुकाबला करना सीख लिया। वहीं हमारे सामने जापान दुनिया का अकेला ऐसा देश है जो इतने बड़े भूकंपों के बाद नुकसान कम करने में सफल रहा। दरअसल, मनुष्य को भूकंप से ज्यादा हमारे निर्माण कार्य की गुणवत्ता की कमी और नियमों की अनदेखी मारती है। भारत में भूकंप से बचाव के लिये पर्याप्त अनुसंधान हुए और सुरक्षित घरों के लिये कोड बने हैं। लेकिन संकट उनके ईमानदारी से क्रियान्वयन तथा आर्थिक संसाधनों के अभाव का है। घर खरीदने वाले लोगों को उलटे उस्तरे से मूंडने वाले बिल्डर इन मानकों का इस्तेमाल करने से गुरेज करते हैं क्योंकि इसे लागू करने से उनका मुनाफा कम हो जाता है। गरीब व्यक्ति जैसे-तैसे मकान तो बना लेता है लेकिन भूकंप के मानकों का इस्तेमाल नहीं कर पाता। सरकारी गंभीरता भी नजर नहीं आती। सरकारों की प्राथमिकता आपदा के बाद राहत सामग्री व मुआवजा बांटने में होती है। समय रहते भवन निर्माण में भूकंप से बचाव के कोड लागू करवाने में संबंधित विभाग लगातार आपराधिक लापरवाही दशार्ते रहते हैं। हमें जापान से सबक लेना चाहिए जिसने भूकंप के साथ जीना सीख लिया है। वर्ष 2011 में भयावह नौ तीव्रता के भूकंप से जो तबाही हुई और उसके बाद सुनामी ने कहर बरपाया, उसके बाद जापान सरकार ने जनक्षति टालने के लिये गंभीर पहल की। इशिकावा की तबाही व फुकुशिमा की पॉवर प्लांट दुर्घटना के सबकों को जापान ने गंभीरता से लिया। आज भूकंप के अलार्म की चेतावानियां जापानियों के लिये आम बात है। हम मान लें कि बड़ा भूकंप कभी भी आ सकता है तो क्या हमारी इमारतें इसके लिये सुरक्षित हैं? जापान ने 2011 की त्रासदी के बाद भूकंपपरोधी निर्माण में कोई चूक नहीं की। वैसे तो वहां 1981 के बाद भवन निर्माण में सुरक्षा मानकों को अनिवार्य कर दिया गया था, लेकिन बाद के अनुभवों के साथ इन मानकों में लगातार सुधार भी किया गया। यही वजह थी कि इशिकावा के तेज भूकंप के बाद अधिकांश इमारतें सुरक्षित रहीं। जापान ने याद रखा कि कांतो भूकंप के बाद इस शहर का बड़ा हिस्सा समतल हो गया था। जिसके बाद पहले भूकंप प्रतिरोधी बिल्डिंग कोड बनाया गया। फिर भवन निर्माण में स्टील व कंक्रीट का प्रयोग अनिवार्य हो गया। हर नये भूकंप के बाद नियम बदले जाते हैं।

है सांसत में जान!

फंस रही है गाड़ी ।
देकर के बयान ।।
उच्च कोटि का बोलना ।
है सांसत में जान ।।
ज्यादा पाने खातिर ।
कुछ भी देते बोल ।।
आखिरकार लेकिन ।
खुलती खुद ही पोल ।।
आ रहा सब सामने ।
किस पर दाव लगाया ।।
हो रहा है मुश्किल ।
था सबको बुलाया ।।
जीत की है भूख ।
है कुछ भी कर जाना ।।
ठान लिया है हमने ।
बजना ऐसे गाना ।।

–कृष्णेन्द्र राय

यहां के वोटरों ने हरपाल को छोड़ कभी किसी को दोबारा सांसद नहीं चुना

अजय कुमार

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। कभी बीजेपी के दिग्गज नेता रहे स्वर्गीय हुकुम सिंह की कर्मभूमि और पलायन के मुद्दे से देशभर में चचाओं में आई कैराना लोकसभा सीट पर इस बार भी सबकी नजर हुई है। कैराना लोकसभा सीट का महाभारत काल से पौराणिक जुड़ाव भी है. यहां के लोग मानते आ रहे हैं कि महाभारत काल में अंगराज कर्ण ने इसे कर्णनगरी के रूप में बसाया था। आजादी की लड़ाई में कैराना देशभक्तों की शरणस्थली रहा था। अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाले मराठों को छुपने के लिए कैराना ने जगह दी थी। कैराना वह इलाका है जहां उस्ताद अब्दुल करीम खां के जरिए संगीत के किराना घराने की शुरूआत हुई थी। वह घराना जिसने देश में खयाल गायकी को एक नया रंग दिया था। भीमसेन जोशी इसी घराने के शार्गिद थे, जिन्होंने 'मिले सुर मेरा तुम्हारा तो सुर बने हमारा' को आवाज दी थी। 2019 के आम चुनाव में यहां से बीजेपी जीती थी। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा हैं। हसन परिवार की बेटी इकरा हसन के सामने इस बार जहां विरासत को बचाना चुनौतीपूर्ण है। वहीं सांसद प्रदीप चौधरी को जनता दल के लगातार दो बार सांसद रहे हरपाल सिंह के रिकॉर्ड की बराबरी कर भाजपा को जीत दिलाना आसान नहीं होगा। वहीं पहली बार चुनाव लड़ रहे बसपा के प्रत्याशी श्रीपाल राणा के सामने साख बचाना चुनौती रहेगी। बीते चुनावों पर नजर डालें तो वर्ष 1967 के लोकसभा चुनाव में गयूर अली खान और 1971 में कांग्रेस के टिकट पर शफाकत अली चुनाव जीते थे। 1980 के चुनाव में चौधरी चरण सिंह की पत्नी गायत्री देवी जनता पार्टी (एस) के टिकट पर सांसद चुनी गईं। 1984 में कांग्रेस के चौधरी अख्तर हसन जीते। वर्ष 1989 के बाद कांग्रेस हाशिए पर पहुंचती गई। नब्बे के दशक में उठी राम लहर ने भाजपा को संजीवनी दी। 1991 और 1996 में भाजपा प्रत्याशी उदयवीर सिंह दूसरे नंबर पर थे, लेकिन 1998 में पार्टी के वीरेंद्र वर्मा ने सीट जीत ली। 1996 के लोकसभा चुनाव में सपा को अख्तर हसन के बेटे मुनव्वर हसन ने पहली जीत दिलाई। 98 में भाजपा को जीत मिली लेकिन अगले दो चुनाव रालोद के खाते में गए। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) और भाजपा ने तीन-तीन बार कैराना पर जीत दर्ज की है। सपा और बसपा सिर्फ एक बार जीते हैं। 2009 में कैराना जीतने का बसपा सुप्रीमो मायावती का अधूरा सपना पूर्व सांसद मुनव्वर हसन की पत्नी तवम्सुम हसन ने पूरा किया। वर्ष 1984 में कैराना लोकसभा सीट से पहली बार चुनाव में उतरने वाली मायावती को कांग्रेस की लहर में तीसरे पायदान पर ही संतोष करना पड़ा था।

राजनीतिक रूप से कैराना हसन परिवार और बाबू हुकुम सिंह के परिवार का गढ़ रहा है। कैराना के राजनीतिक माहौल को वर्ष 2013 के मुजफ्फरनगर दंगे में बदल दिया। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की लहर चली और 2014 में भाजपा के हुकुम सिंह 2.36 लाख वोटों से चुनाव जीते, जो अब तक का यहां का सबसे बड़ा अंतर है। वर्ष 2015 में कैरना के तत्कालीन सांसद बाबू हुकुम सिंह ने अपराधीकरण की वजह से शामली से व्यवसायियों के पलायन का मुझ उठाया था, जिस पर सियासत खूब गरमाई थी।



कैराना लोकसभा सीट की बात की जाए तो यहां पर चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। आगामी 19 अप्रैल को इस सीट पर मतदान होगा। जिसकी तैयारी में सभी दलों के पदाधिकारी भी लगे हुए हैं। 2024 का रण अनौपचारिक तौर पर सज चुका है। एक तरफ सपा-कांग्रेस का गठबंधन है तो दूसरी तरफ भाजपा-रालोद एक साथ हैं। पिछला चुनाव सपा के साथ मिलकर लड़ने वाली बसपा अबकी बार एकला चलो की राह पर है। सपा ने तबस्सुम हसन की बेटी इकरा हसन को उम्मीदवार बनाया है। उनके भाई नाहिद हसन सपा के टिकट पर कैराना से विधायक हैं। लोकसभा क्षेत्र की बाकी चार विधानसभा सीटों में 2 भाजपा और 2 रालोद के पास है।

भाजपा ने इस सीट पर दोबारा से सांसद प्रदीप चौधरी को जहां चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन से हसन परिवार की बेटी इकरा हसन चुनाव मैदान में ताल ठोक रही है। इसी तरह बसपा ने सहारनपुर के जिले के भावसी निवासी रिटायर्ड बीएसएफ के जवान श्रीपाल राणा को प्रत्याशी बनाया है। प्रदीप चौधरी के सामने दोबारा से इस बार भी सीट पर कमल खिलाने की चुनौती है। क्योंकि सीट पर दो बार सिर्फ जनता दल के प्रत्याशी हरपाल पंवार वर्ष 1989 और 1991 में सांसद रहे थे। इसके बाद कोई भी प्रत्याशी इस सीट पर दो बार लगातार जीत दर्ज नहीं कर सका। प्रदीप चौधरी यदि इस बार चुनाव जीतते हैं तो जनता दल के लगातार दो बार सांसद बनने के रिकार्ड की बराबरी कर लेंगे। प्रदीप चौधरी के पिता मास्टर कंवरपाल सिंह भी तीन बार नकुड़ विधानसभा से विधायक रह चुके हैं। प्रदीप चौधरी खुद तीन बार विधायक रह चुके हैं। पिछले चुनाव में प्रदीप चौधरी ने सपा की तबस्सुम बेगम को हराया था। प्रदीप चौधरी को 566961 वोट मिले थे जबकि तबस्सुम को 474801 वोट मिले थे। जबकि तीसरे नंबर पर कांग्रेस के हरेंद्र मलिक रहे थे, जिन्होंने 69355 मत हासिल किए थे। हसन परिवार की बेटी इकरा हसन के सामने विरासत बचाने की चुनौती रहेगी। भाजपा के सांसद हुकुम सिंह की मौत के बाद वर्ष 2018 में उपचुनाव हुआ, जिसमें हसन परिवार की इकरा की मां तबस्सुम हसन ने रालोद से चुनाव लड़ते हुए 4,81,182 प्राप्त कर विजय हासिल की थी।

इससे पूर्व 2009 में भी तबस्सुम हसन ने बसपा से चुनाव लड़ा था और 2832590 मत हासिल कर जीत दर्ज की थी। 1996 में सपा से तबस्सुम हसन के पति मुनव्वर हसन ने चुनाव लड़ा था, उन्होंने 184636 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की थी। इससे पूर्व वर्ष 1984 में मुनव्वर हसन के पिता चौधरी अख्तर हसन ने कांग्रेस से चुनाव लड़ते हुए जीत दर्ज की थी। इकरा के भाई नाहिद हसन वर्तमान में कैराना से विधायक हैं। उधर, बसपा ने लोकसभा सीट पर सहारनपुर जिले के भावसी निवासी रिटायर्ड बीएसएफ के जवान श्रीपाल राणा को प्रत्याशी बनाया है। श्रीपाल राणा ने छह माह पूर्व ही बसपा ज्वाइन की थी। श्रीपाल राणा के सामने बसपा की साख बचाना चुनौती रहेगा। अब देखना यह है कि प्रदीप चौधरी इस सीट पर फिर से कमल खिलाने में कामयाब होते हैं या फिर बसपा या सपा चुनाव परिणाम को पलटती है। मतगणना के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा।

वोट में तब्दील होने वाले मुद्दों की तलाश बड़ी चुनौती

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

18 वीं लोकसभा के चुनावों का बिगुल बज चुका हैं वहीं पहले चरण की 102 सीटों के लिए नामांकन का कार्य पूरा होने के साथ ही एनडीए ने 31 मार्च को मेरठ और इंडी गठबंधन ने नई दिल्ली से चुनावी केंपेन का आगाज कर दिया है। लोकसभा के सातों चरणों के मतदान तक राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव रैलियों, रोड़ शो सहित विभिन्न मंचों से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा। सौ टके का सवाल यह है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में चुनाव अभियान के दौरान आखिर मुख्य मुद्दे क्या बनेंगे? हाल ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान गांरटियों की खूब चचाएं रही। एक तरफ गांरटियां थी तो दूसरी और बीजेपी ने मोदी को ही गारंटी बताकर प्रचारित किया। दरअसल देखा जाएं तो पिछले कुछ चुनावों से चाहे वे लोकसभा के हो या विधानसभाओं के चुनाव हो, सीधे जनता से जुड़े मुद्दें तो कहीं नेपथ्य में ही रह जाते हैं। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि जनता से जुड़े मुद्दों को आमजनता भी अब मुद्दे या चुनावी एजेंडा नहीं मानने लगी है। इसका कारण भी कुछ और ही होता जा रहा है। किसी जमाने में गरीबी हटाओं या भ्रष्टाचार मिटाओं या महंगाई या बेरोजगारी तो सकारात्मक प्रचार अभियान में विकास की बात आदि मुद्दे महत्वपूर्ण होते थे पर अब देखा जाए तो यह मुद्दे वोट में तब्दील नहीं हो पा रहे हैं। पिछले चुनावों के अनुभव हमारे सामने हैं। दर असल अब नकारात्मक प्रचार राजनीतिक दलों पर उलटा पड़ने लगा है। पिछले दो लोकसभा के चुनावों में चौकीदार, सेना के साक्ष्य, चाय वाला आदि ऐसे वक्तव्य रहे जिसका जितना अधिक उपयोग हुआ वह भाजपा और नरेन्द्र मोदी के पक्ष में ही गया। दरअसल अब वोट विश्वसनीयता यानी की भरोसे और वोल्डनेस पर पड़ने लगे हैं। एक बात यह भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि आजादी के 75 साल बाद भी किसी दल का वोट प्रतिषत 50 प्रतिशत का आंकड़ा छू नहीं पाया है। दूसरी और चुनाव आयोग द्वारा लाख प्रयासों के बाद भी 100 में से 33 प्रतिशत मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए ले जाने में हम सफल नहीं हो पा रहे हैं। खैर यह अलग विचारणीय मुद्दे हैं। विपक्ष के प्रयास है कि सत्तारुढ़ द्वारा संबैधानिक संस्थाओं यथा ईडी, आईटी आदि जांच एजेंसियों का हथियार के रुप में उपयोग, चुनावी बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि को प्रभावी तरीके से चुनावी मुद्दा बनाया जाये पर अभी तक जो दिखाई दे रहा है उसमें साफ है कि यह मतदाताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दे बन नहीं पा रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण तो विपक्षी खासतौर से इंडी के दलों का जुड़ना बिखरना जारी है। एक तरफ ममता पं.बगांल में कांग्रेस द्वारा वामपंथी

दलों के साथ तालमेल कर चुनाव लड़ने को खुले आम भाजपा को लाभ बताने वाला निर्णय बता रही हैं वहीं बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली में कांग्रेस का छोटे पार्टनर के रुप में सामने आने, पंजाब में आप से सीटों के बंटवारें को लेकर समझौता ही नहीं होने, बसपा का अलग रुख, अजित जनता दल का बीजेपी के साथ आना, ओडीसा में बीजद सहित विरोधाभास सामने आ रहे हैं। वहीं दिल्ली की रैली से साफ हो जाता है कि विपक्ष का जो पैनापन होना चाहिए था वह लगभग असरदार नहीं दिखा। चुनावी बॉण्ड का मुद्दा जिस तरह से उछला वह अपनी धार नहीं दिखा पाया क्योंकि चुनावी चंदा सभी ने लिया चाहे वो कम हो या ज्यादा। दूसरी बात आमजन का यह सोच माना जा सकता है कि सभी राजनीतिक दल चुनावी चंदा लेते हैं और साफ है कि इसका फायदा सत्तारुढ़ दल को अधिक ही मिलता है। चंदा देने वाला अपने निहितार्थ देखता है और यही कारण है कि वह सत्तारुढ़ दल को अधिक चंदा देता है। इसलिए जिस तरह से यह बड़ा मुद्दा बनने की संभावना देखी जा रही थी वह कहीं पीछे ही रह गई। इसी तरह से केजरीवाल सहित आप नेताओं पर ईडी छापों और जेल का मुद्दा भी अधिक असर दिखाता नहीं लग रहा। इसका कारण भी साफ है कि केजरीवाल जो भ्रष्टाचार के खिलाफ ही सत्ता में आये थे पहलीबात तो उनके नेताओं पर शराब ठेकों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे, दूसरी और बार बार सम्मन आने पर भी रेस्पांस नहीं करने और गिरफ्तारी के बाद भी पद पर बने रहने का आमजन में अभी तो नकारात्मक असर ही दिखाई दे रहा है। इस मामलें में लोग लालू की बड़ाई करने लगे हैं कि लालू ने गिरफ्तार होते ही अपना पद त्याग दिया और भले ही राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया पर पद की गरिमा को तो बनाये रखा। केजरीवाल द्वारा बार बार सम्मन की अवहेलना करने और त्यागपत्र नहीं देने से लोगों में केजरीवाल के पदलोलुपता का संदेश गया अन्यथा निश्चित रुप से केजरीवाल के प्रति सहानुभूति होती और इसका लाभ समस्त विपक्ष को मिलता पर लगता है एक अच्छा अवसर खो दिया गया है। अब सवाल महंगाई को लेकर आता है तो महंगाई किसी जमाने में अपना असर दिखाती थी और प्याज के भाव बढ़ने के कारण सरकार को जाते हुए हमनें देखा है पर लगता है अब यह मुद्दा भी कुंद पड़ता जा रहा है। इसका कारण है बेरोजगारी और मंहगाई को जिस तरह से विपक्ष को चुनावी इशु बनाना चाहिए था उसमें वह सफल नहीं हो पा रही हैं।इस चुनाव में किसानों का मुद्दा तो अभी तक दिखाई ही नहीं दे रहा।

एक बात और चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार भी अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। कारण साफ है इससे एक और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर देने वाला अपने को ठगा समझने लगा है, वहीं लाभार्थी इसे राजनीतिक दलों की कमजोरी समझने लगा है। चुनावी बॉण्ड भी इसलिए अधिक बड़ा मुद्दा नहीं बन पा रहा कि कमोबेस सभी दलों को चंदा मिला है। किसी ने भी इस तरह से चंदा लेने से ना नहीं किया। दूसरी और जहां तक आमआदमी का प्रश्न है वह जानता है कि चुनावी चंदा देने वाले पैसे वाले प्रभावशील लोग हैं। आमआदमी तो इतना चंदा देने से रहा। यह भी जानते हैं कि चुनावों के लिए चंदा लिया ही जाता है। दूसरी और मजे की बात यह है कि चंदा पैसों वालों से लेने के बावजूद आममतदाताओं को साधनें में सत्तारुढ़ दल सफल रहा है।

नकली दवाओं से जीवन-रक्षा पर बढ़ते खतरे

ललित गर्ग

दवाओं में मिलावट एवं नकली दवाओं का व्यापार ऐसा कुत्सित एवं अमानवीय कृत है जिससे मानव जीवन खतरे में हैं। विडम्बना है कि दवा बनाने वाली कंपनियों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण का कोई नियम नहीं है और स्वयं कंपनियां ही अपनी दवाओं की गुणवत्ता का सत्यापन करती हैं। यह ठीक नहीं और ऐसे समय तो बिल्कुल भी नहीं, जब दवाओं की गुणवत्ता को लेकर दुनिया भर में जागरूकता बढ़ रही है। चूंकि भारत एक बड़ा दवा निर्यातक देश है और उसे विश्व का औषधि कारखाना कहा जाता है, दुनियाभर में भारत की दवाओं का निर्यात होता है, ऐसे समय में बार-बार नकली दवाओं का भंडाफोड़ होना या कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली दवाओं का व्यापार करने वालो का पदार्पाश होना, न केवल चिन्ता का विषय है, बल्कि एक जघन्य अपराध है। यह भारत की साख को भी आहत करता है। इसलिए सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल का कोई भरोसेमंद नियम बनाए एवं नकली दवाओं का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

कुछ दिन पहले ही कैंसर जैसी असाध्य बीमारी की नकली एलोपैथिक दवाओं की फैक्टरियां गाजियाबाद से हैदराबाद तक पकड़ी गईं? हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 से अधिक नकली या मिलावटी आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाई है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कैंसर से जुड़े नकली दवाओं के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है। सुप्रीम कोर्ट में स्वामी रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ दायर भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की याचिका की सुनवाई करते हुए सख्त नाराजगी जाहिर की है। समय आ गया है, आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माण से जुड़ी कंपनियों की दवा परीक्षण-प्रणाली की ठोस निगरानी सुनिश्चित की जाए। यह आवश्यक है कि दवा कंपनियों के लिए क्वालिटी कंट्रोल के भरोसेमंद एवं सख्त नियम बनाए जाये। इन नियमों के दायरे में निर्यात होने वाली दवाएं भी आनी चाहिए और देश में बिकने वाली दवाएं भी, क्योंकि जहां नकली और खराब गुणवत्ता वाली दवाएं निर्यात होने से भारत की प्रतिष्ठा धूमिल होती है, वहीं इनका उपयोग देश में होने से लोगों का जीवन खतरे में आ जाता है। यह तय है कि हमारे देश में आयुर्वेद की बेहद समृद्ध चिकित्सा पद्धति है और करोड़ों लोग इस प्रणाली से लाभान्वित भी हुए हैं। इस बात से आधुनिक चिकित्सा पद्धति (एलोपैथी) या आईएमए का कोई झगड़ा या विरोध भी नहीं है, परेशानी प्रामाणिकता की कसौटी पर खरी आधुनिक चिकित्सा पद्धति को निराधार चुनौती देने और लोगों को गुमराह करने को लेकर है। इन दोनों पद्धतियों के पेशेवरों और दवाओं का अंतिम उद्देश्य मरीजों को स्वस्थ करना है। मगर दुर्योग से दोनों पद्धतियों में कुछ लोभी कारोबारी नकली दवाओं के जरिये बेबस लोगों की सेहत से खिलवाड़ करते हैं। जीवन रक्षक दवाइयों के मामलों में दवा बदलने का मौका नहीं होता है, यहां मिलावट आपको सीधा मौत देती है। दवा व्यवसाय में चलने वाली यह अनैतिकता एवं अप्रामाणिकता बेचैन करने वाली है।

मिलावट व्यवसाय की एक बड़ी विसंगति एवं त्रासदी है। दूध में जल, शुद्ध घी में वनस्पति घी अथवा चर्बी, महँगे और श्रेष्ठतर अन्नों में सस्ते और घटिया अन्नों आदि के मिश्रण को साधारणतः मिलावट या अपमिश्रण कहते हैं। किंतु मिश्रण के बिना भी शुद्ध खाद्य को विकृत अथवा हानिकर किया जा सकता है और उसके पौष्टिक मान-फूड वैल्यू को गिराया जा सकता है। दूध से मक्खन का कुछ अंश निकालकर उसे शुद्ध दूध के रूप में बेचना, अथवा एक बार प्रयुक्त चाय की साररहित पत्तियों को सुखाकर पुनः बेचना मिश्रणरहित अपद्रव्यीकरण के उदाहरण हैं। इसी प्रकार बिना किसी मिलावट के घटिया वस्तु को शुद्ध एवं विशेष गुणकारी घोषित कर झूठे दावे सहित आकर्षक नाम देकर, लुभावने विज्ञापनों से जनता को ठगा जाना अपराध है। पतंजलि आयुर्वेद संस्थान ऐसा ही करते हुए मोटा मुनाफा कमाता रहा है। दरअसल, पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों का पूरा मसला ही अपने आप में एक बड़ा मामला है, खासकर दवाओं के मामले में इसके परिणामों की प्रकृति इसे और गंभीर बना देती है। ऐसे में, अदालत ने केंद्र व राज्य सरकारों के रवैये पर भी गंभीर टिप्पणी की है, विडंबना यह है कि जिस आईएमए ने पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन और इसके ऊंचे ओहदेदारों के बड़बोलेपन के खिलाफ अदालत की शरण ली है। लेकिन प्रश्न है कि आईएमए ऐसे कितने मामलों में ऐसी जागरूकता बरतती है। अदालत ने अपनी टिप्पणियों में एक बार फिर जता दिया है कि कोई कितना भी रसूखदार क्यों न हो, कानून की महिमा सबसे ऊपर है।

दवा व्यवसाय में एक से बढ़कर एक घातक एवं विडम्बनापूर्ण स्थिति सामने आ रही है। अब आयुर्वेदिक औषधियों को तत्काल राहत देने वाली बनाने के लिए एलोपैथी दवाओं के रसायनों को अवैज्ञानिक तरीके से मिलाने का खतरनाक कारोबार चर्चा में है, जो गंभीर चिंता का विषय बन रहा है। मध्यप्रदेश में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने राजधानी सहित आसपास के नगरों की दवा दुकानों पर छापा मारकर आठ करोड़ 23 लाख रुपये मूल्य की ऐसी आयुर्वेदिक दवाएं जब्त की हैं जिनके बारे में दावा किया जा रहा था कि इनमें रोगों से लड़ने की चमत्कारी शक्ति है। जांच में तथ्य सामने आये हैं कि आयुर्वेदिक दवा वताहारी वटी तथा चंदा वटी में एलोपैथी दवा डाइक्लोफेनिक व एसिक्लोफेनिक को मिलाकर अवैध फामूर्ला विकसित किया गया है जिसे दवा विक्रेता जादुई बताकर देश के विभिन्न हिस्सों में बेच रहे थे। उक्त दोनों रसायनों का उपयोग एलोपैथी में दर्द निवारक के रूप में किया जाता है। चिकित्सकों के अनुसार इस फामूर्ले का तात्कालिक प्रभाव भले ही चमत्कारी लगे किंतु दूरगामी परिणाम घातक हैं। इसका यकृत, गुर्दा तथा पेट के अन्य अंगों पर स्थाई दुष्प्रभाव हो सकता है। पिछले दिनों विदेश व्यापार महानिदेशालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा कि एक जून से कफ सिरप निर्यातकों को विदेश भेजने के पहले अपने उत्पादों का निर्धारित सरकारी प्रयोगशालाओं में परीक्षण कराना आवश्यक होगा। लेकिन यह दवाओं की मिलावट एवं नकली दवाओं के उत्पाद पर नियंत्रण के लिये पर्याप्त नहीं है। यह ठीक है कि विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कफ सिरप के मामले में एक आवश्यक कदम उठाया, लेकिन ऐसा कदम तो निर्यात होने वाली सभी दवाओं के मामले में उठाया जाना चाहिए। बात केवल निर्यात होने वाली दवाओं का ही नहीं है, बल्कि देश में उपयोग में आने वाली नकली एवं मिलावटी दवाओं का भी है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कुछ समय पहले एक भारतीय फार्मा कंपनी की ओर से अमेरिका भेजी गई आई ड्राप में खामी मिलने की बात सामने आई थी। प्रश्न यह है कि यह नया नियम केवल खांसी के सिरप पर ही क्यों लागू हो रहा है? क्या इसलिए कि पिछले वर्ष गांबिया और उज्बेकिस्तान में भारतीय दवा कंपनियों की ओर भेजे गए कफ सिरप में खामी पाई गई? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारतीय कंपनियों की ओर से इन देशों में निर्यात किए गए कफ सिरप से कुछ बच्चों की मौत का भी दावा किया। यद्यपि इस दावे को भारत-सरकार ने चुनौती दी, लेकिन देश से निर्यात होने वाले कफ सिरप की गुणवत्ता को लेकर विश्व के कुछ देशों में संशय पैदा होना स्वाभाविक है और दुखद भी है। स्पष्ट है कि भारत को अपने दवा उद्योग की साख को बचाने के लिए हरसंभव जतन करने होंगे।

डीएम के निर्देश पर मतदाता जागरूकता आभियान के तहत हुए विभिन्न कार्यक्रम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन अन्तर्गत चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अनतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु जन-जन तक एक-एक व्यक्ति को 01 जून, 24 को घर से बाहर निकलकर अपने पूरी इमानदारी से अपने मतदान का प्रयोग करेगे, चाहे वो 80 वर्ष से उपर के व्यक्ति हो या दिब्यांग हो व 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हो की दशा में व्यक्ति मतदान का प्रयोग करेगे। इसी क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देशन मे चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों/महाविद्यालयो के तहत जिला स्वीप को आर्डिनेटर के नेतृत्व में चुनावी पाठशाला लगाकर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नित्य कार्यक्रम, नाटक नुक्कड़ एवं कलश के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित लगातार किया जा रहा है। जिसक्रम में मॉ शारदा महिला महाविद्यालय जलालाबाद में मतदाता शपथ, समता महाविद्यालय सादात में मतदाता जागरूकता रैली

एवं मतदाता हस्ताक्षर कार्यक्रम, शहजादा मुस्लिम महाविद्यालय दिलदारनगर में मतादाता जागरूकता रैली, राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय अध्यात्मपुर मे मतदाता जागरूकता संगोष्ठी एवं मतदाता जागरूकता शपथ, शहीद संस्मरण इण्टर कालेज शेरपुर गाजीपुर में रंगोली के माध्यम से जागरूक किया गया, देवचन्द दलसिंगार भारतीय विद्यापीठ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में निबन्धन प्रतियोगिता एवं मतदाता जागरूकता रैली, राजकिशोर सिंह महाविद्यालय जमानियां में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता एवं मतदाता जागरूकता रैली, मॉ गोमती बालिका महाविद्यालय सदरजहॉपुर में डी एल एड प्रशिक्षुओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी गयी, इण्टर कालेज सुहवल में मतदाता जागरूकता रैली एवं मतदाता शपथ दिलायी गयी, इण्टर कालेज करण्डा में छात्र/छात्राओं द्वारा संगोष्ठी एवं मतदाता जागरूकता पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया गया। जिसमे लोगो को आगामी 01 जून, 2024 को पूरे जोर-सोर से मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने निकाली रैली

चहनियां। चंदौली। क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय प्रभुपुर के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली। बच्चों ने शिक्षा के प्रति लोगो को जागरूक किया। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका मीरा सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो बच्चों ने गांव का भ्रमण किया। बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखे हुए तख्तियों को लेकर चल रहे थे। आधी रोटी खाएंगे स्कूल पढ़ने जाएंगे। शिक्षा जीवन का आधार है इसके बिना जीवन बेकार है। कोई न छूटे अबकी बार शिक्षा है सबका अधिकार । स्लोगन के माध्यम से लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर गांव के गलियों का भ्रमण करते हुए विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुआ। वहीं बीच-बीच में शिक्षक अभिभावकों से अपील कर रहे थे कि अपने परिवार के 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के बच्चों के नाम विद्यालयों में अवश्य लिखवाएं। विद्यालय में पर्याप्त भौतिक संसाधन उपलब्ध हैं। पर्याप्त कमरे, सभी कमरों में बच्चों को बैठने के लिए डेस्क बेंच, पानी पीने के लिए टंकी एवं बहुटोटियां, स्वच्छ शौचालय, पंखे की व्यवस्था है । अर्धनध्यापिका ने बताया कि 1 अप्रैल से नया शिक्षा सत्र शुरू हो

गया है। जहां विद्यालय में नामांकन संख्या बढ़ाने के लिए अभिभावकों को अपने बच्चों का दाखिला परिषदीय विद्यालयों में कराए जाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। शासन के निर्देश पर 'सभी पढ़ें-सभी बढ़ें' को साकार करने के लिए स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

डोर टू डोर मीटर रिडिंग जांच कर बिल त्रुटि में सुधार का हो रहा कार्य

प्रखर जखनिया गाजीपुर। स्थानीय विद्युत पावर हाउस केंद्र के अंतर्गत कस्बा के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में मीटर रीडिंग की जांच कर्मचारियों द्वारा डोर टू डोर की जा रही है । कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े कनेक्शन धारकों के मीटर रीडिंग की जांच कर उपभोक्ताओं के बिल में त्रूटी को सुधारने का भी कार्य किया जा रहा है। अवर अभियंता प्रेमचंद ने बताया कि जिनके मीटर रीडिंग बिल में तकनीकी कमी है ,उसे जांच कराकर संशोधन करवा लेवे ।बताया कि जो लोग आवासीय करवाए है वे.कमर्शियल के रूप में उपभोग कर रहे हैं। उनके कनेक्शन को कमर्शियल में बदलने की भी प्रक्रिया चलाई जा रही है। डोर टू डोर जांच के बाद उपभोक्ताओं को मीटर रीडिंग की समस्या नहीं आएगी। यह भी बताया कि आचार संहिता के पूर्व पंपिंग सेट के पुराने बकाए दार अपने बिल का भुगतान के लिए छूट का लाभ लेते हुए बिल जमा कर सकते हैं ।तथा जो किस्तों में बिल जमा करने की प्रक्रिया करवाए हैं वह नियमानुसार किस्तों में अपने बिल का भुगतान करते रहे। ताकि उनके विद्युत कनेक्शन विच्छेदन ना करना पड़े।

घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की हुई मौत

प्रखर महराजगंज। जनपद महराजगंज थाना क्षेत्र बृजमनगंज रिठियापडरी निवासी राम औतार सहानी की पुत्री की संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर शव मिलने की सूचना पर क्षेत्राधिकारी फरेंदा द्वारा पुलिस फोर्स के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुटी। मिली जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार की देर रात मृतक सुनीता पत्नी अजय सहानी उम्र लगभग 30 वर्ष का शव घर के एक कमरे में पंखे से लटकता हुआ मिला` परिजनों का कहना है कि हम लोग घर पर मौजूद नहीं थे देर शाम जब घर आये कमरा खोला तो सुनीता का शव छत के पंखे से लटकता मिला। ग्रामीण द्वारा पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच कर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतू भेज दिया। सूत्रों के अनुसार शव को लटकने के बाद परिजन धानी बाजार में स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में ईलाज के लिए ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस कार्यवाही में जुटी है। सीओ फरेन्दा अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि उक्त महिला का शव फंदे से लटकते मिला है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कह पाना सम्भव हैं।

नीलगाय से टकराकर कार पलटी खाई में चालक की मौत

प्रखर आजमगढ़ । जनपद के बरदह थाना क्षेत्र के बर्रा गांव निवासी युजवेंद्र सिंह 50 पुत्र दुर्ग विजय सिंह अपने चाचा बजरंगी सिंह तथा भतीजे मुकुल सिंह, विशाल सिंह तथा भतीजी सोनम सिंह के साथ बनारस गए हुए थे। जहां से रात 1:30 बजे वह घर आने के लिए अपनी कार से चले। यजुवेंद्र सिंह कार खुद ड्राइव कर रहे थे। चौकिया आरा मार्ग पर आरा गांव के पास अचानक सड़क पर एक नीलगाय आ गया जिसे बचाने में कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। घटना में यजुवेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार में बैठे बजरंगी सिंह तथा विशाल सिंह को चोटे आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया जबकि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवा दिया।

शत प्रतिशत मतदान हेतु सीनियर सिटीजनों ने चलाया अभियान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गाजीपुर सेवा निवृत कर्मचारी एवम पेंशनर्स ऐशोसियेसन गाजीपुर की नियमित बैठक जिलाध्यक्ष मुक्तेश्वर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में आवंटित पेंशनर्स भवन में आयोजित की गई,जिसमे पूर्व घोषित कार्यक्रम के अंर्तगत लोक तंत्र के पर्व की सामान्य निर्वाचन की घोषणा के बाद जनपद के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा प्रतिदिन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उक्त क्रम में आज भी गाजीपुर में शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु युद्ध स्तर जन संपर्क कर लोक तंत्र के यज्ञ में आहुति देने का संकल्प लिया गया जिलाध्यक्ष मुक्तेश्वर श्रीवास्तव ने कहा कि मतदान जैसे पवित्र कार्य में सफलता के लिए हर घर, गली, मुहल्ले में लोगों प्रेरित किया जाएगा।कार्यकारी अध्यक्ष अम्बिका दूबे ने जिला निर्वाचन अधिकारी /जिला प्रशासन को आश्वस्त किया कि यदि निर्वाचन कार्य में सेवा निवृत कर्मचारी अधिकारी शिक्षक साथियों की आवश्यकता हूई तो अपने अनुभव का सदुपयोग करते हुए हर संभव सहयोग करने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से अक्षयबर राय, डा पी एन सिंह, साहित्यकार विजय कुमार मधुरेश डा सुग्रीव सिंह, डी एन राय, रामू यादव, अशोक कुमार, राजेश भारती, जनार्दन सिंह, एन बी सिंह, नरेंद्र सिंह, बिरेंद्र सिंह, सुबास सिंह, जमुना यादव, अशोक कुमार, राम प्रकाश राय, सहित दर्जनों पेंशनर उपस्थित रहे,। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुक्तेश्वर श्रीवास्तव एवम संचालन जिला मंत्री जनार्दन सिंह एवम अम्बिका दूबे ने संयुक्त रूप से किया।

माहे रमजान में जरूरतमंदों की करें मदद : अम्बर तुराबी

प्रखर रामनगर/वाराणसी।। पवित्र महीना माहे रमजान का अंतिम अशरा चल रहा है। खुदा की तरफ से ये महीना हमारे लिए खास तोहफा है। इस महीने में हमें चाहिये की हम खुदा की बारगाह में उसकी मर्जी के मुताबिक पेश आये और जो वो चाहता है वो करे अल्लाह चाहता है की हम कुरआन की तिलावत कसरत से करे, अल्लाह चाहता है कि हम गरीबों, बे सहारा लोगों की इमदाद करे क्यो की ये महीने इबादत का महीना है इस महीने की सबसे बड़ी खासियत ये है कि हम इस महीने में हर गुनाह से बचे होते हैं खुदा अपने बन्दों को अपने करीब रखता है इस महीने में हमे चाहिए की हम उन लोगों का खास खयाल रखे जो गरीब हैं अल्लाह ने आप को दौलत अगर दी है तो आप को चाहिए कि आप उस दौलत में से उन गरीबों का भी खयाल रखे जो आप का इन्तेजार कर रहे हैं कि आप आएंगे तो उनकी ईद होगी इसी अशरे में कुरआन नाजिल हुआ था। ऐसे में शायरे अहलेबैत अम्बर तुराबी ने मुस्लिम बंधुओ से माहे रमजान में जरूरतमंदों की अधिक से अधिक मदद करने की अपील की है। कहा कि इसके बदले अल्लाह बेशुमार बरकतें अता फरमाता है। ऐसे में मदद के लिए जरूर आगे जाना चाहिए। इस माहे मुबारक महीने में अल्लाह अपने बंदों को नेकी की दावत देता है। इसका लोगों को भरपूर फायदा उठाना चाहिए। अल्लाह की राह में सदका व खैरात की बड़ी फजीलत है। लोगों को इस माहे मुकद्दस में सदका व खैरात करना चाहिए। माहे रमजान वह महीना है जो न सिर्फ बुराइयों पर पूरी तरह रोक लगा देता बल्कि गुनाहों की मगफिरत का जरिया भी साबित होता है। इस माहे मुबारक में सदका व खैरात करने वाले अल्लाह के नजदीक काफी पसंद किए जाते हैं।

पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

चंदौली। डा0 अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अनिल यादव अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन एवं आशुतोष तिवारी क्षेत्राधिकारी चकिया के कुशल पर्यवेक्षण में अतुल कुमार प्रजापति थानाध्यक्ष चकिया की पुलिस टीम द्वारा वारंटी अभियुक्त को किया गया। थानाध्यक्ष अतुल कुमार प्रजापति व उनके द्वारा गठित पुलिस टीम ने वारण्टी बाल्मीक पुत्र रामलोचन निवासी ग्राम बलिया कला (गड़वा) थाना चकिया जनपद चन्दौली को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम- में थानाध्यक्ष अतुल कुमार प्रजापति थाना चकिया जनपद चन्दौली ।

रामनगर में अदा हुई अलविदा जुमा की नमाज, मुल्क के लिए मांगी गयी दुआ

प्रखर रामनगर/वाराणसी। रमजान महीने के आखिरी जुमे यानी अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। दरअसल ईद के चांद दिखने से पहले जो आखिरी जुमा होता है। उसे अलविदा जुमा कहते हैं। नगर के तमाम मस्जिदों में भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने अलविदा जुमे की नमाज अदा की। अलविदा जुमे की नमाज को देखते हुए वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट के द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। हैदरी जामा मस्जिद गोलाघाट में मौलाना सय्यद वाजिद अली की कयादत में अलविदा जुमें की नमाज

अदा की गयी। अलविदा जुमा को नमाज अदा करके आने वाले शबिहुल हसन फातमी, कुमैल रजा, एबाद रजा, मोहम्मद मेहंदी रिजवी, अम्बर तुराबी, शमीम अख्तर, इनाम रजा, जहीर हसन जैदी, तस्नीम आब्दी, नकी हसन विक्की, मुन्ना मिर्जा, राजू मिर्जा, मो० आसिफ, बबलू मिर्जा आदि लोगों ने बताया कि माहे रमजान का आखिरी जुमा था इसलिए मस्जिदों में आम दिनों की अपेक्षा तादाद कई गुना ज्यादा थी। अलविदा जुमे पर नमाज में देश में अमन चैन और शांति की दुआ की गई है। इसके साथ ही रमजान में जो भी मुस्लिमों से खता हुई है। उसकी माफी के लिए दुआ की गई है। बता दें कि नगर के गोलाघाट, वारीगढ़ही, रामपुर, मछहरटटा सहित तमाम स्थानों के मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई।

वैदिक सिटी योजना से प्रभावित किसानों द्वारा हृदयपुर में धरना जारी, एडीएम सिटी वाराणसी व आवास एवं विकास परिषद के एक्शन अधिकारी पहुंचे धरनास्थल पर जाना किसानों का हाल

प्रखर वाराणसी। वैदिक सिटी योजना से प्रभावित किसानों से मिलने के लिए गुरुवार को धरना स्थल हृदयपुर पर पहुंचे एडीएम सिटी वाराणसी व आवास एवं विकास परिषद के एक्शन अधिकारी किसानों के बीच में अपनी बाते को रखते हुए एडीएम सिटी वाराणसी ने कहा कि हम आपकी सारी बातें मानने के लिए तैयार हैं पर आप लोग धरना समाप्त कर दीजिए वहीं सभी किसानों ने एक स्वर में कहा की आप वैदिक सिटी योजना को रद्द कर दीजिए हम लोग धरना समाप्त कर देंगे पर किसानों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच में सहमति नहीं बन पाई किसानों का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी एस राज लिंगम वाराणसी से मिला और उन्होंने कहा वैदिक सिटी योजना को रद्द कर दीजिए तो जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि अभी चुनाव तक सारे कार्य स्थापित रहेंगे किसी

प्रकार की नोटिस किसानो नहीं जाएगी आचार संहिता समाप्त होने के बाद सब बातों को वार्ता होगी इस पर किसानों का प्रतिनिधित्व करते हुए किसान न्याय मोर्चा के प्रदेश महासचिव नेता अशोक प्रजापति (एडवोकेट) ने कहा कि हमारा धरना आचार संहिता लागू होने के पहले से चल रहा है और जब तक योजना समाप्त नहीं हो जाती है तब तक धरना चलेगा` वैदिक सिटी से योजना से प्रभावित किसानों से वार्ता के लिए सोमवार शाम 4:00 बजे का समय जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया है किसानों का प्रतिनिधिमंडल और किसान उनसे वार्ता करेंगे तब जाकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। उक्त बैठक राजेंद्र पटेल मानव पन्नालाल यादव, लच्छू पटेल, रविंद्र पटेल,नंदू पाल ,श्यामसुंदर पाल ,प्रदीप,श्यामा देवी,संगीता देवी ,अनीता देवी , रामदुलारी , आरती देवी सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

विभिन्न थानों पर 8 अपराधियों ने किया आत्मसर्मपण

चंदौली। डा0 अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी व आत्मसर्मपण के लिए 05 दिवसीय अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक सदर व अनिल यादव,अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानाप्रभारियों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। उपरोक्त निर्देश के क्रम में अपराधियों को भी आगाह किया गया था कि वह अपना आत्मसर्मपण कर दें। ऐसा न करने पर उनके विरूद्व गैर जामनती वारंट जारी कर इनाम घोषित करते हुए सम्पत्ति जब्तीकरण, कुर्की इत्यादि की कार्यवाही की जाएगी। प्रचलित अभियान में गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत थाना अलीनगर पर 8, धानापुर 2, सकलडीहा 1, चकिया 1, चकरघट्टा द्वारा 1 अभियुक्त का गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान गैंगेस्टर एक्ट के 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

केराकत सीओ के प्रयास से दो परिवार हुए एक, क्षेत्र में सराहना

हिन्दू लड़के ने मुश्लिम लड़की से की थी शादी, जिसे लेकर था विवाद

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र की थानागद्दी चौकी अंतर्गत चकरामनगर गांव में पति ने ससुरालीजनों पर पत्नी के अपहरण और उसकी हत्या की आशंका का आरोप लगाते हुए, पुलिस ने न्याय की गुहार लगाई थी। केराकत सीओ प्रतिमा वर्मा की सूझ बूझ से दो परिवार फिर एक हो गए। घटना को लेकर लोग पुलिस की तारीफ कर रहे हैं।चकरामनगर निवासी सूरज यादव ने पुलिस में तहरीर देखर आरोप लगाया था कि मैंने अपनी मर्जी से गांव की ही समाप्राविन पुत्री अकरम ने कुछ माह पूर्व विवाह कर लिया था, हमारे विवाह से परिजन खुश नहीं थे जिस कारण मैं लड़की को लेकर मुंबई चला गया। एक सप्ताह पूर्व हमारे परिवार वालों ने हमें आग्रह का वापस बुलाया और जबरदस्ती कोर्ट में हमारा तलाक करवाना चाह रहे थे। लड़की के परिजन मेरी पत्नी को एक कमरे में कई दिन से बंद करके हत्या करना चाह रहे हैं। पीड़ित द्वारा घटना की जानकारी केराकत सीओ प्रतिमा वर्मा को दी गई। जानकारी होते ही पुलिस हरकत में आई और दोनों पक्षों को सीओ कार्यालय बुलाया गया। लगभग चार घंटे तक केराकत सीओ प्ररिमा वर्मा द्वारा दोनों पक्षों को समझने के बाद दोनों परिवार एक साथ रहने को राजी हो गए। सीओ की सूझबूझ से दो परिवार एक हो गए। घटना को लेकर क्षेत्र में पुलिस की तारीफ की जा रही है। मामले में केराकत सीईओ प्रतिमा वर्मा ने बताया कि दोनों पति पत्नी दोनों बालिग हैं, दोनों परिवारों के बीच अलग धर्म से होने के कारण विवाह के चलते मनमुटाव हो गया था। उनके परिजनों को बुलाकर समझा दिया गया अब दोनों परिवार आपस में खुशी से रहने के लिए राजी है।

बैजनाथ इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता के तहत दिलाई गई मतदान की शपथ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। हर व्यक्ति वोट करें और लोकतन्त्र को मजबूत करे अभियान के तहत रौजा स्थिति बैजनाथ इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य अनुज मिश्रा ने अपने संबोधन में चुनाव में प्रत्येक मत के महत्व पर प्रकाश डाला यह बताया कि आगामी 1 जून को जिले के सभी मतदाता अपना सांसद चुनने के लिए मतदान करेंगे। इसमें युवा मतदाताओं की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण होगी। इस अवसर पर डा0 पूजा श्रीवास्तव ने सभी शिक्षकों और छात्रों को खुद मतदान करने के साथ ही अपने करीबियों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलायी। और यह कहा कि चुनाव के दिन लोगों को मतदान करने के लिए छुट्टी दी जाती है, घरों में रहने के लिए नहीं। उन्होंने शिक्षकों और छात्रों से मतदान करने की अपील की, साथ ही अपने आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

दिव्यांगों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली, सीडीओ ने दिखाई हरी झंडी

चंदौली। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित सदर ब्लॉक से दिव्यांगजनों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली को स्वीप के नोडल अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली सदर ब्लॉक से निकलकर विकास भवन होते हुए जिला दिव्यांग कार्यालय पर समाप्त हुई। रैली में दिव्यांग 'मतदान करने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, पहले मतदान फिर जलपान,उम्र 18 पूरी है, मतदान करना जरूरी है, अधिकारों का उत्सव है मतदान, तो आओ साथियों करें मतदान, लोकतंत्र की सुनो पुकार..मत खोना अपना अधिकार, जैसे नारे लगाते हुए चल रहे थे। इसका मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। इससे अधिक से अधिक लोग मतदान के लिए घरों से बाहर आएं और मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हो सकें। साथ ही सभी को मतदान के प्रति

जागरूक किया जा सकें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नोडल प्रभारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी एसएन श्रीवास्तव ने कहा कि दिव्यांगजन भी हमारे मतदाता हैं, जिनको शत प्रतिशत मतदान करवाने के लिए रैली निकाली गई है। उन्होंने आगे बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर दिव्यांग मतदाताओं को बूथों पर रैम्प, बिजली, पानी आदि की विशेष व्यवस्था की गई है। जिला दिव्यांग स्वीप आइकॉन राकेश रौशन ने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव 2019 में दिव्यांगजनो ने बढ़चढ़कर हिस्सेदारी की थी। इस बार हम शत प्रतिशत दिव्यांगों के मतदान के लिए संकल्पित हैं। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजेश नायक, बीडीओ सदर रक्षिता सिंह, सम्मान दिव्यांग विद्यानय की पुष्पा कुशवाहा आदि लोग उपस्थित थे।

पंजाब में पीएम की सुरक्षा चूक में था चन्नी का हाथ

लुधियाना (पंजाब)। कांग्रेस को अलविदा कह भाजपा का दामन थामने वाले सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने फिरोजपुर में पीएम नरेंद्र मोदी का काफिला रोके जाने को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने इसके पीछे कांग्रेस का हाथ होने की बात कही है। बिट्टू ने दावा किया कि पांच फरवरी 2022 को फिरोजपुर के प्यारेआणा गांव के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफिला रुकवाना पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी की शरारत थी। उनके ही इशारे पर 15 से 20 लोगों का काफिला सड़क पर धरना लगाने गया था और वहां से पीएम मोदी का काफिला वापिस घुमाना पड़ा था।

सपा ने मेरठ सीट से अब सुनीता वर्मा को दिया मौका

मेरठ। सपा ने मेरठ से फिर प्रत्याशी बदल दिया है। अब सुनीता वर्मा को टिकट दिया गया है। गुरुवार को नामांकन के आखिरी दिन उन्होंने कलक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल कर दिया। गुरुवार सुबह ही योगेश वर्मा लखनऊ से सिंबल लेकर मेरठ लौटे। उधर अतुल प्रधान ने टिकट काटे जाने पर इस्तीफे की पेशकश कर दी है। हालांकि बाद में वह बैकफुट पर दिखाई दिए।

पप्पू यादव ने निर्दलीय पर्चा दाखिल किया

पूर्णिया। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में नामांकन का गुरुवार को आखिरी दिन था। किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, बांका और भागलपुर में नॉमिनेशन चल रहा है। इन पांचों में से सबसे हॉट सीट पूर्णिया है। पप्पू यादव ने पूर्णिया सीट से निर्दलीय नामांकन किया है। बता दें कि महागठबंधन में पूर्णिया सीट आरजेडी के कोटे में गई है।

॥ आज का इतिहास ॥

- **1479** : सिखों के तीसरे गुरु- गुरु अमरदास का जन्म।
- **1659**: मकसूदाबाद की लड़ाई में शुजा की हार
- **1663**: शिवाजी महाराज ने दो सौ घुड़सवारों के साथ दस हजार सैनिकों के साथ पुणे के लाल महल में डेरा डाले हुए मुगल सूबेदार शाहिस्तेखान पर छापा मारा।
- **1843**: ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया ने हांगकांग को ब्रिटिश कॉलोनी में शामिल करने का ऐलान किया।
- **1905**: भारतीय स्वतंत्रता कार्यकर्ता और बिहार के राजनीतज्ञ जगजीवन राम का जन्म।
- **1930**: महात्मा गांधी ने 241 मील की यात्रा करके दांडी यात्रा पूरी की।
- **1949**: भारत में स्काउट एण्ड गाइड की स्थापना।
- **1955**: विस्टन चर्चिल ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया।
- **1957**: देश में पहली बार और दुनिया में पहली बार लोकतांत्रिक तरीके से केरल में संपन्न चुनाव में कम्युनिस्ट पार्टी को सत्ता प्राप्त हुई, ई.एम.एस. नंबूदरीपाद मुख्यमंत्री बने।

वायु सेना ने गगन शक्ति अभ्यास में पिछले सप्ताह ही की कवायद

देशभर में आपात हवाई पट्टियों का जाल बिछाने वायु सेना ने बनाई योजना

● नई दिल्ली

वायु सेना अपने विमानों को आपात स्थिति में कहीं भी उतारने के लिए देश भर में विभिन्न राज्यों में आपात हवाई पट्टी सुविधाओं का जाल बिछाने पर काम कर रही है।

वायु सेना ने गगन शक्ति अभ्यास के दौरान विगत सप्ताह ही कश्मीर घाटी में उत्तरी सेक्टर में इसी तरह की आपातकालीन हवाई पट्टी पर चिनूक हेलिकॉप्टर, एम आई 17 और उन्नत हल्के ध्रुव हेलिकॉप्टर को उतारकर बड़ी संख्या में सैनिकों को वहां पहुंचाया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि वायु सेना की विभिन्न राज्य सरकारों के प्रशासन के साथ तालमेल से देश भर में इस तरह की आपात हवाई पट्टी की सुविधा बनाने की योजना है। हवाई पट्टियों पर वायु सेना के लड़ाकू विमानों तथा हेलिकॉप्टरों को उतारने का अभ्यास किया जाएगा। इसके लिए स्थानीय प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल की जरूरत होती है।

जल्द मानवीय सहायता पहुंचाने में भी मिलेगी मदद

इन हवाई पट्टियों से वायु सेना को आपदा राहत अभियानों के दौरानन मानवीय सहायता पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। रात्रि सहित किसी भी समय सैनिकों को विभिन्न क्षेत्रों में उतारने की क्षमता हासिल करने के बाद वायु सेना सहित सभी सशस्त्र सेनाओं की मारक क्षमता बढ़ जाएगी।

शीर्ष सैन्य नेतृत्व ने सेनाओं के बीच एकजुटता और तालमेल पर दिया बल

नई दिल्ली। तीनों सेनाओं के शीर्ष नेतृत्व ने समसामयिक संघर्षों से मिली सीख और भविष्य की जरूरतों तथा चुनौतियों को देखते हुए सेनाओं के बीच एकजुटता और परस्पर तालमेल की जरूरत पर बल दिया है।

सेना के शीर्ष कमांडरों के मंगलवार को संपन्न हुए सम्मेलन में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ साथ वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कमांडरों को संबोधित किया। सेनाओं के शीर्ष नेतृत्व ने समसामयिक संघर्षों से मिले सबक को देखते हुए सेनाओं के बीच बढ़ी हुई एकजुटता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अधिक से अधिक संचालन परिणामों के लिए सेनाओं के बीच जमीनी स्तर पर तालमेल के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने अपनी-अपनी सेनाओं में चल रही नई पहलों की मुख्य बातें साझा करते हुए संयुक्त संचालन और अभ्यास के दौरान निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

2000 किमी के एरिया में नहीं बचेंगे दुश्मन, अग्नि प्राइम टेस्ट में पास

नई दिल्ली। स्ट्रेटिजिक फोर्स कमान ने डीआरडीओ के साथ मिलकर नई पीढ़ी की 'अग्नि-प्राइम' बैलिस्टिक मिसाइल का सफल उड़ान परीक्षण किया(रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि 'उड़ान परीक्षण बुधवार शाम करीब सात बजे ओडिशा तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया था। इस मिसाइल का टारगेट दायरा 1000 से 2000 किमी है। टेस्ट ने अपने सभी लक्ष्यों को हासिल करते हुए विश्वसनीय प्रदर्शन किया। टर्मिनल बिंदु पर रखे गए दो डाउनरेंज जहाजों सहित विभिन्न स्थानों पर तैनात कई रेंज सेंसर द्वारा कैप्चर किए गए डेटा से इसकी पुष्टि हुई है।

वायुसेना के हेलीकॉप्टर की लद्दाख में आपात लैंडिंग, पायलट सुरक्षित

कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश

श्रीनगर। भारतीय वायु सेना के एक अपाचे हेलीकॉप्टर को लद्दाख में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इस दौरान उतार-चढ़ाव वाले इलाके और अधिक ऊंचाई के कारण हेलीकॉप्टर को नुकसान पहुंचा है। हालांकि इसमें सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। वायुसेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार को हुई।

वायु सेना ने घटना की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए हैं। आईएएफ ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि आईएएफ के अपाचे हेलीकॉप्टर ने 3 अप्रैल को लद्दाख में एक परिचालन प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एहतियाती लैंडिंग की। इस लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान, उतार-चढ़ाव वाले इलाके और उच्च ऊंचाई के कारण इसे नुकसान हुआ।

सस्ते तेल से भारत जैसे देशों को हुआ बड़ा लाभ

अमेरिका ने कहा- प्रतिबंधों ने रूस की तोड़ी कमर

वाशिंगटन। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान अमेरिका ने रूस की कमर तोड़ने के लिए उस पर कई तरह के बैन लगा दिए थे। खासकर रूसी तेल पर प्रतिबंध लगाने से उसकी आर्थिक रूप से कमर टूट गई और वह युद्ध के लिए अधिक धन अर्जित नहीं कर सका।

रूसी तेल पर प्रतिबंध लगने से उसे सस्ता तेल बेचने पर मजबूर होना पड़ा और इसका सबसे बड़ा फायदा भारत जैसे देशों को हुआ। अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि रूसी तेल के निर्बाध कारोबार की अनुमति देना उसे हमेशा से ही अस्वीकार्य था और रहेगा। पश्चिमी देशों की ओर से रूस के पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें तय करने का उद्देश्य मॉस्को को कम दाम पर तेल बेचने मजबूर करना है। अमेरिकी अफसरों ने कहा कि अमेरिका ने भारत को रूस से आयात किए जाने वाले तेल की मात्रा कम करने के लिए नहीं कहा है।

मुख्यमंत्री केजरीवाल की भगत सिंह-अंबेडकर के साथ तस्वीर, विवाद बढ़ा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने गुरुवार को एक और वीडियो मैसेज जारी किया। हालांकि इस बार वीडियो के बैकग्राउंड में अरविंद की तस्वीर देखकर विवाद खड़ा हो गया। दिल्ली सीएम की फोटो भगत सिंह और बीआर अंबेडकर के साथ लगी थी। इस पर बीजेपी ने आपत्ति जताई। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एक्स पर लिखा, भगत सिंह जी और बाबा साहेब अंबेडकर जी के बीच एक कट्टर भ्रष्ट अरविंद केजरीवाल की फोटो लगाना बेहद अफसोसजनक है।

नौ राज्यों में पड़ रही भीषण गर्मी, 43 डिग्री पहुंचा तापमान, हीटवेव चलेगी

नई दिल्ली। देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड, तेलंगाना और रायलसीमा में 4-6 अप्रैल के दौरान अलग-अलग स्थानों पर हीटवेव (लू) चलेगी। इन इलाकों में तीन दिनों में 2-3 डिग्री से. तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। उत्तरी आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, गंगीय पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी सात अप्रैल तक लू जैसी स्थिति बनी रहेगी। यहां पर कड़ी धूप निकलेगी। इससे गर्मी में बढ़ोतरी हो सकती है। केरल, माहे, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में 7 अप्रैल तक गर्म मौसम रहने की संभावना है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने लॉन्च की पहली स्वदेशी सीएआर टी-सेल थेरेपी

विदेश में खर्च होते थे 4 करोड़, भारत में 30 लाख में होगा इलाज

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कैंसर के मरीजों के इलाज के लिए स्वदेश में विकसित 'सीएआर टी-कोशिका' थेरेपी की गुरुवार को शुरुआत करते हुए इसे एक 'बड़ी उपलब्धि' बताया।

आईआईटी, बंबई में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इस थेरेपी का विकास 'मेक इन इंडिया' पहल का एक उदाहरण है। अधिकारियों के अनुसार, आईआईटी बंबई और टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा विकसित यह जीन आधारित थेरेपी विभिन्न प्रकार के रक्त कैंसर समेत कैंसर के इलाज में मदद करेगी।

आईआईटी बंबई के निदेशक प्रोफेसर शुभाशीष चौधरी ने कहा कि विदेश में इस इलाज की कीमत चार करोड़ है, जबकि भारत में यह खर्च लगभग 30 लाख रुपए होगा। कम कीमत वाली सीएआर टी-कोशिका थेरेपी देश में कैंसर मरीजों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

जमुई में प्रधानमंत्री मोदी बोले-आज का भारत घर में घुसकर मारता है

जमुई। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जमुई के खैरा में सभा को 28 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लालू के जंगलराज, भ्रष्टाचार और इंडी अलायंस पर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि पहले आतंकी हमारे ऊपर हमला कर के चले जाते थे।

कांग्रेस दूसरे देशों के पास शिकायत लेकर जाती थी। हमने कहा ऐसे नहीं चलेगा। आज का भारत घर में घुसकर मारता है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि ये चुनावी सभा है या विजय सभा है। उन्होंने चिराग पासवान और जमुई से कैंडिडेट उनके बहनोई को अपना भाई बताया। पीएम ने कांग्रेस और आरजेडी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों ने देश का नाम खराब किया है।

ममता बोलीं- जहरीले सांप पर भरोसा, भाजपा पर नहीं

कूच बिहार/मालबाजार। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने गुरुवार को कूच बिहार में एक रैली को संबोधित किया। ममता ने कहा- आप एक जहरीले सांप पर भरोसा कर सकते हैं। उसे पाल भी सकते हैं, लेकिन आप भाजपा पर कभी भी भरोसा नहीं कर सकते। भाजपा देश को बर्बाद कर रही है। ममता ने भाजपा पर आचार संहिता का पालन नहीं करने का आरोप लगाया। बंगाल सीएम ने कहा- केंद्रीय जांच एजेंसियां, बीएसएफ, और सीआईएसएफ भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं।

एटीएस को बड़ी सफलता पाक आतंकियों को दबोचा

लखनऊ। यूपी एटीएस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। दरअसल नेपाल के रास्ते भारत में घुसपैठ कर रहे तीन आतंकियों को एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आतंकियों में दो पाकिस्तानी और एक कश्मीर आतंकी है, जिनका संबंध हिजबुल मुजाहिद्दीन और आईएसआई से है। यूपी एटीएस को पिछले कुछ दिनों से यह सूचना मिल रही थी कि पाकिस्तानी नागरिक पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की सहायता से नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश करने वाले हैं। एटीएस को यह सूचना भी मिली थई कि ये लोग भारत में आतंकी घटना को अंजाम देने का मंसूबा रखते हैं और आईएसआई के सहयोग से हिज्बुल मुजाहिद्दीन के ट्रेनिंग कैंप में प्रशिक्षण भी ले चुके हैं।

यूपी एटीएस ने तीन आतंकियों को किया गिरफ्तार: इस बाबत एटीएस द्वारा जारी प्रेस रिलीज में एटीएस ने बताया कि इस सूचना के प्राप्त होने के बाद एटीएस की गोरखपुर इकाऊई द्वारा सर्विलांस की गई और यह जानकारी सामने आई की दो पाकिस्तानी व्यक्ति भारत नेपाल सीमा के तटवर्ती गांव शेख फरेन्दा होते हुए गुप्त रास्ते से भारत में प्रवेश करने वाले हैं। 3 अप्रैल को एटीएस की गोरखपुर इकाई द्वारा नेपाल भारत यानी सोनौली बॉर्ड से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के नाम मोहम्मद अल्ताफ भट, सैय्यद गजनफर और नासिर अली है।

कांग्रेस में 5 पॉवर सेंटर, मुझे निकाला नहीं खुद ही निकला: संजय निरुपम

अकेले कांग्रेस ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को नकारा

मुंबई। कांग्रेस से निष्कासित पूर्व सांसद संजय निरुपम ने गुरुवार को कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में पांच अलग-अलग पावर सेंटर हैं। सोनिया, राहुल, बहनजी, नए अध्यक्ष खड़गे और वेणुगोपाल। कांग्रेस में वैचारिक द्वंद्व चल रहा है, इससे कार्यकर्ताओं में निराशा है। निरुपम ने कहा कि राहुल गांधी के आसपास जो लेफ्टिस्ट हैं, वे आस्था में विश्वास नहीं करते।

अकेले कांग्रेस ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण के जवाब में चिट्ठी लिखी कि ये भाजपा का प्रचार है। उन्होंने राम के अस्तित्व को ही नकार दिया। इससे पहले, संजय निरुपम ने गुरुवार सुबह एक्स पर पोस्ट किया था कि बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम अपना इस्तीफा भेजने के बाद पार्टी ने उन्हें निकाला। निरुपम ने इस्तीफे की तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा- ऐसा लगता है कि बीती रात मेरा इस्तीफा मिलते ही पार्टी ने मुझे निकाले जाने का ऐलान करने का फैसला लिया। ऐसी फुर्ती देखकर अच्छा लगा।

राहुल की वायनाड रैली से मुस्लिम लीग के झंडे गायब

पिनाराई विजयन बोले- कांग्रेस में हिम्मत नहीं, स्मृति ईरानी ने कहा- राहुल गांधी है शर्मिंदा

तिरुवनंतपुरम। केरल के वायनाड में 3 अप्रैल को नामाकंन भरने से पहले राहुल गांधी ने रोड शो किया था। इस रैली में कांग्रेस की सहयोगी पार्टी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के झंडे के नजर नहीं आए। रैली में शामिल लोग सिर्फ तिरंगा लेकर चले। इसे लेकर लेफ्ट और भाजपा दोनों ही कांग्रेस पर निशाना साध रहे हैं। लेफ्ट नेता और केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि कांग्रेस में हिम्मत नहीं है कि वह मुस्लिम लीग के झंडे सबके सामने लहरा सके।

स्मृति बोलीं- कांग्रेस ने पीएफआई की राजनीतिक शाखा का सपोर्ट लिया

स्मृति ईरानी ने कहा कि मुझे इस बात की भी हैरानी है कि कांग्रेस बैन किए गए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के राजनीतिक दल सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के समर्थन को स्वीकार कर रही है। ऐसा करके राहुल गांधी ने नामांकन भरते समय ली गई संविधन की शपथ का उल्लंघन किया है। 2019 में भी वायनाड में मुस्लिम लीग के झंडे को लेकर एक विवाद हुआ था। तब मुस्लिम लीग के झंडों को भाजपा ने पाकिस्तानी झंडा करार दिया था।

कांग्रेस ने जारी की 13वीं सूची, इसमें तीन नाम

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवारों की 13वीं सूची जारी की है। चार अप्रैल को जारी की गई इस लिस्ट के जरिए तीन और प्रत्याशी घोषित किए गए। ये तीनों कैंडिडेट्स गुजरात के तीन लोकसभा क्षेत्रों (सुरेंद्रनगर, जूनागढ़ और वडोदरा) से उतारे गए हैं। पार्टी ने सुरेंद्रनगर से रित्विक भाई मकवाना, जूनागढ़ से हीरा भाई जोटवा और वडोदरा से जसपाल सिंह पोधियार को टिकट दिया है। कांग्रेस अब तक कुल 235 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी ने इससे पहले 12 अलग-अलग सूचियों में 232 उम्मीदवार घोषित किए थे। जबकि देश में 18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होंगे। आगे छह और चरणों में 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होगा और चार जून, 2024 को मतगणना होगी।

स्वामी प्रसाद व बेटी संघमित्रा मौर्य का गिरफ्तारी वारंट जारी

नई दिल्ली। बिना तलाक़ लिए धोखाधड़ी करके दूसरी शादी करने की आरोपी स्वामी प्रसाद मौर्य की पुत्री व सांसद संघमित्रा और वादी के साथ मारपीट,गालीगलौज, जानमाल की धमकी व साजिश रचने के आरोपी स्वामी प्रसाद मौर्या, नीरज तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ला उर्फ चिंटू तथा रितिक सिंह के कोर्ट में हाजिर न होने पर कोर्ट ने सभी आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। एमपीएमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश श्रीवास्तव ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख तय की है। कोर्ट ने आदेश में कहा कि आरोपी कोर्ट में हाजिर होने से बच रहे है लिहाजा उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाता है।

परिवाद में आरोप है कि वादी और संघमित्रा 2016 से लिव इन रिलेशन में रह रहे थे। संघमित्रा और उसके पिता स्वामीप्रसाद मौर्य ने परिवादी को बताया कि संघमित्रा की पूर्व शादी से तलाक हो गया है लिहाजा परिवादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से उसके घर पर शादी कर ली। वहीं संघमित्रा ने 2019 के चुनाव में शपथपत्र देकर खुद को अविवाहित बताया जबकि बाद में वादी को पता चला की संघमित्रा का मई 2021 में तलाक हुआ था। जब वादी ने 2021 में विधि विधान से विवाह करने को कहा तो आरोपी स्वामी प्रसाद मौर्या ने वादी के ऊपर कई बार विभिन्न स्थानों पर अन्य आरोपीयो से जानलेवा हमला कराया।

Filmi तड़का

बड़े मियां छोटे मियां को मिला यू/ए सर्टिफिकेट

मुंबई। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर बड़े मियां छोटे मियां ने अपने गानों और ट्रेलर रिलीज से फैंस को उत्साहित कर दिया है। अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित यह फिल्म साल 2024 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह दर्शकों को मनोरंजन का फुल डोज देने का वादा करती है। इस बीच फिल्म की सेंसरिंग भी पूरी हो चुकी है।

इसके अलावा फिल्म के सर्टिफिकेशन और रनटाइम का भी खुलासा किया गया है। बड़े मियां छोटे मियां को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) द्वारा यू/ए प्रमाणपत्र के साथ सेंसर कर दिया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म अप्रतिबंधित है लेकिन 12 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए माता-पिता के विवेक संबंधी सलाह के साथ है।

बड़े मियां छोटे मियां और मैदान का रनटाइम: बड़े मियां छोटे मियां को 2 घंटे 43 मिनट 41 सेकंड के रनटाइम के साथ सेंसर किया गया है। किसी एक्शन फिल्म को व्यापक मनोरंजक फिल्म माने जाने में अभी भी काफी समय है। फिल्म के लिए रनटाइम अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ईद पर अजय देवगन अभिनीत एक और बड़ी फिल्म मैदान के साथ टकरा रही है। बॉक्स ऑफिस क्लैश में स्क्रीन शेयरिंग के आवंटन में रनटाइम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अजय देवगन की मैदान भी 3 घंटे 1 मिनट की लंबी अवधि वाली फिल्म है।

नितेश तिवारी के 'रामायण' की कुछ तस्वीरें वायरल

नई दिल्ली। निर्देशक नीतेश तिवारी की तीन भागों में बन रही 'रामायण' फिल्म के सेट की गुरुवार को वायरल कुछ तस्वीरों से दर्शकों की फिल्म की प्रत्याशा काफी बढ़ गई है।

इस फिल्म में अभिनेता रणवीर कपूर भगवान राम की जबकि दक्षिणी सुपरस्टार यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म की जारी तैयारियों की झलक को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करने के बाद से प्रशंसकों में फिल्म देखने की बेसब्री बढ़ गई है। आकृति सिंह द्वारा अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर साझा की गई छवि में एक विस्तृत सेट के निर्माण को दर्शाया गया है। इसमें कई स्तंभों वाले मंदिर जैसी भव्यता का संकेत दिया गया है।

संक्षिप्त खबरें

फिटज़ी की अर्ली लीड परीक्षा

नई दिल्ली। प्रमुख कोचिंग संस्थान फिटज़ी ने उन छात्रों के लिए 'अर्ली लीड परीक्षा' की घोषणा की है जो जेईई 2024 में आईआईटी में पढ़ने से चूक गए थे और अब जेईई 2025 की तैयारी में जुटे है। फिटजी ग्रुप के डायरेक्टर आर.एल. त्रिखा ने कहा कि अर्ली लीड परीक्षा उन छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है जो जेईई 2025 के माध्यम से आईआईटी, टॉप एनआईटी या किसी अन्य प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश पाना चाहते हैं। वे छात्र जो जेईई 2024 में अपने इस लक्ष्य से चूक गए थे या अपने रैंक से संतुष्ट नहीं हैं और 2025 में फिर से जेईई परीक्षा देना चाहते हैं, उनके लिए अर्ली लीड परीक्षा उम्मीद की नई किरण है। इस परीक्षा के माध्यम से वे कॉन्सेप्ट के अनुसार अपने परफोर्मेन्स का मूल्यांकन कर सकते हैं और अपनी तैयारी की खामियों को समझ सकते हैं।

रियलमी का नया फोन

नई दिल्ली। रियलमी ने अपना नया माडल 12एक्स 5जी लॉन्च किया है। रियलमी नंबर सीरीज़ का यह नया स्मार्टफोन कंपनी के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो जो इसके 'मेक इट रियल' के सिद्धांत को जीवंत करके युवा आबादी की डायनामिक पसंदों के अनुरूप है। एंट्री-लेवल 5जी किलर के रूप में रियलमी 12एक्स 5जी यूज़र्स को अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा। यह सुपरवूक चार्जिंग और 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी के साथ भारत में अपने सेगमेंट का पहला स्मार्टफोन है।

मनीबॉक्स की 100वीं शाखा

नई दिल्ली। बीएसई में सूचीबद्ध मनीबॉक्स फाइनेंस लिमिटेड जो सूक्ष्म उद्यमों को छोटे टिकट व्यवसाय ऋण प्रदान करता है, ने उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में एक नई शाखा शुरू की। इस शाखा के खुलने के साथ, कंपनी की अब देश भर में 100 शाखाएँ हो गई हैं और वित्त वर्ष 2025 तक 60 नई शाखाओं का विस्तार करने की तैयारी है। इस विस्तार के एक हिस्से के रूप में, मनीबॉक्स का लक्ष्य राज्य में सूक्ष्म और लघु व्यवसायों की बढ़ती और अधूरी ऋण आवश्यकताओं को पूरा करना है। यह जानकारी मनीबाक्स के सह संस्थापक मयूर मोदी ने दी।

आईईएक्स में ट्रेड शिखर पर

नई दिल्ली। ऊर्जा व्यापार मंच आईईएक्स ने वित्त वर्ष 2023-24 में सालाना आधार पर करीब 14 प्रतिशत वृद्धि के साथ अभी तक का सर्वाधिक 110 अरब यूनिट (बीयू) का कारोबार किया। कारोबार पहली बार किसी वित्त वर्ष में 100 अरब यूनिट के पार पहुंचा। बयान के अनुसार, आईईएक्स (इंडियन एनर्जी एक्सचेंज) ने वित्त वर्ष 2023-24 में 110 अरब यूनिट का कुल व्यापार किया जो सालाना आधार पर 13.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। आईईएक्स के अनुसार, खंड-वार बात करें तो वित्त वर्ष 2023-24 में 75.39 लाख नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र का कारोबार किया गया।

इंडोसोल का लक्ष्य तय

नई दिल्ली। इंडोसोल सोलर का लक्ष्य आंध्र प्रदेश में अपनी एकीकृत सौर मॉड्यूल परियोजना के पहले चरण को 2025 तक पूरा करना है। इंडोसोल सोलर की प्रमुख कंपनी एसएसईएल समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शरत चंद्रा ने कहा कि पहले चरण के तहत, इंडोसोल सोलर आंध्र में रामायपट्टनम बंदरगाह के पास नेल्लोर में आगामी संयंत्र में पांच गीगावाट (जीडब्ल्यू) मॉड्यूल, पांच गीगावॉट वेफर्स, पांच गीगावॉट इंगोट और पांच गीगावॉट ग्लास क्षमता स्थापित करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

एल्युमीनियम उत्पादन बढ़ा

नई दिल्ली। विविधीकृत प्राकृतिक संसाधन कंपनी वेदांता लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कुल एल्युमीनियम उत्पादन सालाना आधार पर चार प्रतिशत बढ़कर 5,98,000 टन रहा। वेदांता ने बीएसई को दी जानकारी में बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में कंपनी का एल्युमीनियम उत्पादन 5,74,000 टन था। कंपनी के अनुसार, बेहतर परिचालन प्रदर्शन के दम पर ओडिशा में लांजीगढ रिफाइनरी इकाई में एल्यूमिना उत्पादन 18 प्रतिशत बढकर 4,48,000 टन रहा। जिंक इंडिया में चौथी तिमाही में खनन धातु का उत्पादन घटर 299000 टन रहा।

वरिष्ठ पदों पर औसतन 20 फीसद तक बढ़ सकती है तनख्वाह

■ रोजगार के क्षेत्र में सुधर रहे हालात, पारंपरिक क्षेत्रों में फिर से बढ़ रहीं नौकरियां ■ डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग व एआई जेनरेटिव के क्षेत्र में भी निकल रहे जॉब

नई दिल्ली (भाषा)।

इस साल वरिष्ठ पदों पर वेतन वृद्धि औसतन 20 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है।

माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड 2024 के अनुसार, पारंपरिक उद्योगों में नियुक्तियां फिर से बढ़ रही हैं जो विशेष रूप से विनिर्माण तथा परिचालन भूमिकाओं की निरंतर उच्च मांग से स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रों में डेटा एनालिटिक्स, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग में कुशल पेशेवरों की आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वार्षिक मार्गदर्शन रिपोर्ट में बीएफएसआई, इंजीनियरिंग तथा विनिर्माण, वित्त व लेखा, स्वास्थ्य देखभाल तथा जीवन विज्ञान, मानव संसाधन, विधि, अनुपालन, खरीद व आपूर्ति श्रृंखला, संपत्ति व निर्माण, बिक्री तथा विपणन और प्रौद्योगिकी के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की छह प्रतिशत जीडीपी वृद्धि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारत को इस क्षेत्र में विशिष्ट स्थान पर रखती है।

पेजग्रुप के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा, 'भारत की अर्थव्यवस्था के इस तरह के लचीलेपन तथा आशावाद को प्रदर्शित करने और वैश्विक महामारी के पहले के अपने प्रदर्शन को पार करने के बाद क्षमताओं का दोहन करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

इस प्रकार प्रतिभा को फलने-फूलने देना और नवप्रवर्तन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण बना हुआ है।' क्षेत्रवार विश्लेषण के अनुसार आईटी व प्रौद्योगिकी में, कनिष्ठ कर्मचारियों के लिए बढोतरी की सीमा 35-45 प्रतिशत, मध्य स्तर के अधिकारियों के लिए 30-40 प्रतिशत और वरिष्ठ प्रबंधन के लिए 20-30 प्रतिशत रखी गई है।

संपत्ति व विनिर्माण क्षेत्र में कनिष्ठों की 20-40 प्रतिशत, मध्यम स्तर के अधिकारियों की 25-45 प्रतिशत और वरिष्ठों की 20-40 प्रतिशत वेतन वृद्धि का अनुमान है। पेजग्रुप के प्रबंध निदेशक अंशुल लोढा ने कहा, 'जैसे-जैसे हम 2024 में आगे बढ़ रहे हैं, भारत में रोजगार की गाथा सिर्फ वेतन तक सीमित नहीं है।

लचीलापन, कामकाज का तरीका और पेशेवर वृद्धि के अवसर नौकरी बदलने में महत्वपूर्ण हो रहे हैं, जो एक परिपक्व तथा समग्र रोजगार परिवेश को दर्शाते हैं।'

सात फीसद महंगी हुई वेज थाली

■ नॉनवेज थाली के दाम सात फीसद तक कम हुए

मुंबई (भाषा)।

मार्च महीने में प्याज, टमाटर और आलू की कीमतें बढने से शाकाहारी थाली सालाना आधार पर सात प्रतिशत तक महंगी हो गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की एक इकाई ने बृहस्पतिवार को यह सर्वेक्षण पेश किया।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने अपनी मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट में कहा कि पॉल्ट्री की कीमतें घटने से पिछले महीने मांसाहारी थाली की लागत में सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद आता है। इस थाली की कीमत मार्च में बढकर 27.3 रुपये प्रति प्लेट हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.5 रुपये थी। हालांकि, फरवरी के 27.4 रुपये की तुलना में मार्च में शाकाहारी थाली की कीमत घटी है। रिपोर्ट कहती है, 'आवक कम होने और कम आधार दर के कारण प्याज का दाम सालाना आधार पर 40 प्रतिशत, टमाटर का दाम 36 प्रतिशत और आलू का दाम 22 प्रतिशत बढ़ने से शाकाहारी थाली महंगी हो गई है।' रिपोर्ट के मुताबिक, कम आवक के कारण एक साल पहले की तुलना में चावल का दाम भी 14 प्रतिशत और दालों की कीमतें 22 प्रतिशत बढ़ गई हैं।

वहीं मांसाहारी थाली की कीमत एक साल पहले की समान अवधि में 59.2 रुपये थी जो पिछले महीने घटकर 54.9 रुपये रह गई। लेकिन फरवरी के 54 रुपये प्रति थाली की तुलना में इसकी कीमत अब भी अधिक है। दरअसल ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट आने से सालाना आधार पर मांसाहारी थाली की लागत घटी। मांसाहारी थाली में ब्रॉयलर का भारांक 50 प्रतिशत होता है। हालांकि, फरवरी की तुलना में मार्च में रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत होने और अधिक मांग आने से ब्रॉयलर की कीमतें पांच प्रतिशत बढ़ गई।

इस वित्त वर्ष में आवश्यक दवाओं की कीमतें नहीं बढ़ेंगी

नई दिल्ली (भाषा)।

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति में नगण्य वृद्धि को देखते हुए इस वित्त वर्ष 2024-25 में आवश्यक दवाओं की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं होगी।

संपादकों के साथ बातचीत में केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री ने आश्वासन दिया कि यह "मोदी जी की गारंटी" है। आवश्यक दवाओं की दरों में बढ़ोतरी की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'यह बिल्कुल गलत है। दवाओं की कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं होगी।' मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) सालाना थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आधार पर अनुसूचित दवाओं की अधिकतम कीमतों में संशोधन करता है।

एनपीपीए, भारत सरकार के रसायन व उर्वरक मंत्रालय के रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के अधीन काम करता है। मांडविया ने कहा, 'एनपीपीए डब्ल्यूपीआई के आधार पर आवश्यक दवाओं की निगरानी और कीमतें तय करता है।' मंत्री ने कहा कि जब मुद्रास्फीति बढती है, तो इससे कीमतों में बढोतरी होती है और जब यह नीचे आती है तो दाम कम हो जाते हैं।

सेवा क्षेत्र की वृद्धि 13 वर्ष के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत मांग के दम पर मार्च में साढ़े 13 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 पुहंच गया। यह फरवरी में 60.6 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है।

■ मार्च में 61.2 के स्तर पर पहुंचा इस क्षेत्र का पीएमआई
■ फरवरी में 60.6 अंक था सेवा क्षेत्र का पीएमआई
■ पीएमआई की गणना में इस क्षेत्र की 400 कंपनियों को किया गया शामिल

एचएसबीसी इंडिया सर्विस पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, 'फरवरी में मामूली गिरावट के बाद मार्च में भारत की सेवाओं का पीएमआई बढा, मजबूत मांग के कारण बिक्री तथा व्यावसायिक गतिविधि में तेजी आई। सेवा प्रदाताओं ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अगस्त 2023 के बाद से सबसे तेज गति से नियुक्तियां बढ़ाई हैं।' सर्वेक्षण में कहा गया, " रोजगार में नवीनतम वृद्धि कई महीनों में 22वीं और नवम्बर 2022 के बाद से संयुक्त रूप से सबसे मजबूत है।'

इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स फरवरी में 60.6 से बढ़कर मार्च में 61.8 हो गया। यह साढे 13 वर्षों में दूसरे सबसे मजबूत उछाल को दर्शाता है। सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर आगे भी अच्छी बनी रहनी की उम्मीद है।

ट्राई ने स्पेक्ट्रम परामर्श पत्र जारी किया

■ मूल्य निर्धारण और नियमों व शर्तों के संबंध में मांगे हितधारकों के सुझाव

नई दिल्ली (भाषा)। दूरसंचार नियामक ट्राई ने बृहस्पतिवार को मोबाइल सेवाओं के लिए तीन नए स्पेक्ट्रम बैंड-37-37.5 गीगाहट्र्ज, 37.5-40 गीगाहट्र्ज और 42.5-43.5 गीगाहट्र्ज की नीलामी पर विभिन्न पक्षों से सुझाव मांगे। नियामक ने इसने मूल्य निर्धारण, वैधता और इन रेडियो तरंगों की भुगतान शर्तों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए एक परामर्श पत्र जारी किया।



यह पहली बार है कि 37-37.5 गीगाहट्र्ज, 37.5-40 गीगाहट्र्ज और 42.5-43.5 गीगाहट्र्ज में तीन स्पेक्ट्रम बैंड नीलामी के लिए रखे जा रहे हैं। यह प्रस्ताव भविष्य में 5जी सेवाओं के लिए 4,000 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम उपलब्ध कराएगा। ये ब्लॉक 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1,800 मेगाहट्र्ज, 2,100 मेगाहट्र्ज, 2,300 मेगाहट्र्ज, 2,500 मेगाहट्र्ज, 3,300 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज से अलग हैं। इन ब्लॉक को छह जून को होने वाली स्पेक्ट्रम नीलामी में रखा जाएगा।

एक बयान में कहा गया है, 'भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने आज आईएमटी (इंटरनेशनल मोबाइल टेलिफोनी) के लिए पहचाने गए 37-37.5 गीगाहट्र्ज, 37.5-40 गीगाहट्र्ज और 42.5-43.5 गीगाहट्र्ज बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी पर एक परामर्श पत्र जारी किया है।' ट्राई ने परामर्श पत्र में इन नए बैंड में स्पेक्ट्रम की नीलामी की विभिन्न बारीकियों पर उद्योग की राय मांगी है। इसमें मूल्य निर्धारण, वैधता, पसंदीदा ब्लाक आकार, स्पेक्ट्रम सीमा, क्रियान्वयन दायित्व और अन्य नियम तथा शर्तें शामिल हैं।

स्विगी की स्वतंत्र निदेशक बनीं सुपर्णा मित्रा

नई दिल्ली (भाषा)।

ऑनलाइन खाद्य आपूर्ति मंच स्विगी ने टाइटन कंपनी लिमिटेड के घड़ी एवं वियरेबल खंड की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुपर्णा मित्रा को निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक नियुक्त करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की।

इस नियुक्ति के साथ ही मित्रा स्विगी के स्वतंत्र निदेशकों के उस समूह का हिस्सा बन गई हैं जिनमें ईपीएल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं वैश्विक सीईओ और स्विगी बोर्ड के चेयरपर्सन आनंद कृपालु, शैलेश हरिभक्ति एंड एसोसिएट्स के चेयरमैन शैलेश हरिभक्ति और डेल्हीवरी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ साहिल बरुआ भी शामिल हैं।

व्हाट्सऐप व इंस्टाग्राम सेवा आधी रात को ठप

■ एक घंटे बाद यह सेवाएं दुबारा बहाल हुईं

नई दिल्ली (भाषा)। सोशल मीडिया मंच व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम की सेवाएं आधी रात को ठप पड़ गईं, जिसे करीब एक घंटे बाद बहाल किया गया। इन दोनों मंच का स्वामित्व मेटा के पास है। दुनियाभर में हजारों लोगों को व्हाट्सऐप पर संदेश भेजने और प्राप्त करने में समस्याओं का सामना करना पड़ा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर व्हाट्सऐप के आधिकारिक खाते पर जानकारी दी गई, 'हमें पता है कि लोग अभी परेशानी का सामना कर रहे हैं। हम जल्द से जल्द सभी के लिए चीजें पूरी तरह से ठीक करने के लिए काम कर रहे हैं।'

कुछ घंटों बाद खाते पर सेवाएं बहाल होने की जानकारी देते हुए लिखा गया, 'हमारी सेवाएं बहाल हो गई हैं।' इसी तरह इंस्टाग्राम पर भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि इससे पहले मार्च में सोशल मीडिया मंच फेसबुक, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और थ्रेड्स की सेवाएं करीब दो घंटे के लिए ठप पड़ गई थी। इसको लेकर उपयोगकर्ताओं ने काफी नाराजगी भी जाहिर की थी।

राकेश मोहन को विश्व बैंक की ईएसी में शामिल होने का न्योता

नई दिल्ली (भाषा)। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के सदस्य राकेश मोहन को विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने विश्व बैंक समूह की आर्थिक सलाहकार समिति में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। सेंटर फार सोशल एंड इकोनामिक प्रोग्रेस (सीएसईपी) ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि पैनल की अध्यक्षता लंदन स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर लॉर्ड निकोलस स्टर्न करेंगे। विश्व बैंक समूह के मुख्य अर्थशास्त्री और विकास अर्थशास्त्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंदरमीत गिल सह-अध्यक्ष होंगे। मोहन सीएसईपी में मानद अध्यक्ष और प्रतिष्ठित फेलो हैं।

इसमें कहा गया कि समिति विश्व बैंक समूह के उद्देश्यों, अनुसंधान एजेंडा और कार्यों के संबंध में रणनीतिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगी। बयान के अनुसार, समिति विश्व बैंक के अनुसंधान और नीति संबंधी कार्यों के संबंध में उत्पन्न होने वाले प्रमुख मुद्दों पर भी सलाह देगी। समिति के प्रत्येक सदस्य का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

एचडीएफसी बैंक का कर्ज वितरण 25 लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली (भाषा)।

एचडीएफसी बैंक का बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही तक आवंटित कर्ज बढ़कर 25 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 31 मार्च, 2024 तक बैंक द्वारा दिया गया कुल कर्ज सालाना आधार पर 55.4% बढ़कर 25.08 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह 31 मार्च, 2023 तक 16.14 लाख करोड़ था। इसमें कहा गया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त अवधि के आंकड़ों में पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का परिचालन भी शामिल है, जिसका एक जुलाई, 2023 को एचडीएफसी बैंक के साथ विलय हुआ था।

कम्युनिटी नोट्स प्रोग्राम का विस्तार करेंगे मस्क

नई दिल्ली (भाषा)। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' ने भारत में अपने 'कम्युनिटी नोट्स' कार्यक्रम का विस्तार किया है। यह एक तथ्य-जांच सुविधा है जो लोगों को संभावित रूप से भ्रामक पोस्ट के बारे जानने में मदद करती है। भारत में 'कम्युनिटी नोट्स' कार्यक्रम की शुरुआत ऐसे समय पर की जा रही है जब दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले लोकतंत्र में आम चुनाव शुरू होने जा रहे हैं।

उद्योगपति एलन मस्क ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'कम्युनिटी नोट्स' अब भारत में सक्रिय।' 'एक्स' पर 'कम्युनिटी नोट्स' के आधिकारिक खाते से भी इसके भारत में शुरू होने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही अब यह 69 देशों में सक्रिय है।

रेमिटेंस लागत घटाने पर भारत ने WTO में दिया प्रेजेंटेशन

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के वरिष्ठ अधिकारियों ने धनप्रेषण की लागत कम करने से संबंधित एक प्रस्तुति विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के सदस्यों के समक्ष दी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

भारत चाहता है कि धनप्रेषण या रेमिटेंस की लागत को कम करने के लिए डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों के बीच यूपीआई जैसी खुली और अंतर-संचालनीय भुगतान प्रणालियों को अपनाया जाए। इसके लिए वह इस समूह पर दबाव डाल रहा है। प्रेषण लागत में कटौती के लिए भारत डिजिटल हस्तांतरण को प्रोत्साहित करने, अंतर-संचालनीय प्रणालियों को बढ़ावा देने, प्रतिस्पर्धा को बढावा देने, नियमों को सुव्यवस्थित करने और मूल्य-निर्धारण पारदर्शिता बढ़ाने का सुझाव दे रहा है। भारत ने इस संबंध में एक प्रस्ताव फरवरी में अबू धाबी में आयोजित डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भी रखा था।



अधिकारी ने कहा, 'हमने प्रेषण की लागत पर एक प्रस्तुति देने का अनुरोध किया था। आरबीआई और एनपीसीआई ने 25 मार्च को यह प्रस्तुति दी थी। जिनेवा में इस विषय पर आगे भी बैठकें जारी रहेंगी।' वैश्विक स्तर पर धनप्रेषण पर आने वाली लागत लगभग 6.18 प्रतिशत है जो संयुक्त राष्ट्र के तीन प्रतिशत के लक्ष्य से काफी अधिक है।

भारत के अधिकारी ने कहा, 'हमने डब्ल्यूटीओ सदस्यों से कहा है कि यह लागत अधिक है। प्रवासी भारतीय नागरिक बड़ी संख्या में विदेशों में रहते हैं।

उनका स्वदेश भेजा गया धन भुगतान संतुलन का प्रमुख हिस्सा होता है और यह आय का भी एक महत्वपूर्ण स्रोत है।' उन्होंने कहा, "हमारी मांग है कि देशों और बैंकों के बीच बेहतर समझ होनी चाहिए ताकि शुल्क केवल एक तरफ ही लगाया जाए, जो कि तीन प्रतिशत है। व्यापार के लिए दोहरा कराधान कभी भी अच्छा विचार नहीं है। इसमें यूपीआई जैसा डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा भुगतान को आसान बना सकता है।"

हालांकि, डब्ल्यूटीओ के सदस्यों की एक बड़ी तादाद भारत के प्रस्ताव का समर्थन कर रही है लेकिन अमेरिका और स्विट्जरलैंड इसका विरोध कर रहे हैं। इसकी वजह यह है कि इन देशों के बड़े बैंक हैं और उन्हें इन शुल्कों के माध्यम से भारी कमाई होती है।'

पूर्वी यूपी में लगातार नंबर वन बना हुआ है जियो

नई दिल्ली (एजेंसी)। रिलायंस जियो अपने तेज़ स्पीड नेवटर्क के कारण पूर्वी यूपी में लगातार लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। क्षेत्र में जियो एकमात्र ऐसा टेलीकॉम ऑपरेटर है जो अपने नेटवर्क से हर महीने लाखों की संख्या में उपभोक्ताओं को जोड़ रहा है।

ट्राई की रिपोर्ट के अनुसार जियो ने जनवरी 2024 में लगभग 4.83 लाख उपभोक्ता जोड़े है। वहीं एयरटेल ने करीब 1.20 लाख उपभोक्ता खो दिए है। वीआई ने भी इसी अवधि में करीब 12 हज़ार उपभोक्ता खोए हैं, जबकि सरकारी टेलीकॉम ऑपरेटर बीएसएनएल ने सबसे अधिक उपभोक्ता खोए हैं। जो कि करीब 2.60 लाख हैं।

मप्र के युवाओं की बदौलत पंजाब ने चेस किया 200 रनों का टारगेट, गिल की कप्तानी पारी गई बेकार

पंजाब की जीत में लगा भोपाली तड़का, शशांक सिंह ने गुजरात के जबड़े से छीनी जीत, आशुतोष शर्मा भी चमके

अहमदाबाद (एजेंसी)। सांस थाम देने वाले रोमांचक मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस के जबड़े से जीत छीन ली। पंजाब की इस जीत के हीरो अनकैप्ड शशांक सिंह रहे, जिन्होंने छठे नंबर पर आकर 29 गेंद में 61 रन की नाबाद पारी खेली। 200 रन के चैलेंजिंग टोटल के सामने एक वक्त सिर्फ 111 रन पर पंजाब की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। सारे दिग्गज डगआउट में बैठे हुए थे। यहां से शशांक सिंह ने साहसिक पारी खेलते हुए पंजाब किंग्स को हैरतंगेज जीत दिला दी। शशांक सिंह ने पांचवें विकेट के लिए सिकंदर रजा के साथ 22 गेंद में 41, छठे विकेट के लिए जितेंद्र शर्मा के साथ 19 गेंद में 39 और इम्पैक्ट डेब्यूटेंट अनिरुद्ध शर्मा के साथ सातवें विकेट के लिए 22 गेंद में 43 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप की।

पंजाब किंग्स की यह चार मैच में दूसरी जीत है तो गुजरात टाइटंस की चार मैच में दूसरी हार है। अपने होमग्राउंड यानी दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस गंवाकर गुजरात टाइटंस ने 199 रन का मजबूत टोटल खड़ा किया था। शुभमन गिल ने कप्तानी पारी खेलते हुए 48 गेंद में चार छक्के और छह चौके की मदद से नाबाद 89 रन की पारी खेली थी। वह सीजन के पहले शतक से सिर्फ दो शॉट से चूक गए थे।

उन्होंने साई सुदर्शन 33 रन के साथ तीसरे विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी भी की। उन्होंने राहुल तेवतिया आठ गेंद में नाबाद 23 रन के साथ 14 गेंद में 35 रन की अटूट साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के करीब पहुंचाया।

स्कोर बोर्ड

गुजरात टाइटंस	रन	गेंद	4/6
ऋद्धिमान साहा कै. धवन बो. रबाडा	11	13	2/0
शुभमन गिल नाबाद	89	48	6/4
विलियमसन कै. बेयरस्टो बो. हरप्रीत	26	22	4/0
सुदर्शन कै. जितेश बो. हर्षल	33	19	6/0
विजय शंकर कै. हरप्रीत बो. रबाडा	08	10	0/0
राहुल तेवतिया नाबाद	23	08	3/1

अतिरिक्त: 09, कुल: 20 ओवर में चार विकेट पर 199 रन, **विकेट पतन:** 1-29, 2-69, 3-122, 4-164, **गेंदबाजी:** हरप्रीत बराड़ 4-0-33-1, अर्शदीप सिंह 4-0-33-0, कगिसो रबाडा 4-0-44-2, सैम करन 2-0-18-0, हर्षल पटेल 4-0-44-1, सिकंदर रजा 2-0-22-0,

पंजाब किंग्स	रन	गेंद	4/6
शिखर धवन बोल्ड उमेश यादव	1	2	0/0
जॉनी बेयरस्टो बोल्ड नूर अहमद	22	13	4/0
प्रभसिमरन कै. मोहित बो. अहमद	35	24	5/1
विलियमसन बो. ओमरजाई	05	08	0/0
सिकंदर रजा कै. साहा बो. मोहित	15	16	0/0
शशांक सिंह नाबाद	61	29	6/4
जितेश शर्मा कै. दर्शन बो. राशिद	16	8	0/2
आशुतोष कै. राशिद बो. दर्शन	31	17	3/1
हरप्रीत ब्रार नाबाद	1	2	0/0

अतिरिक्त: 13, कुल: 19.5 ओवर में सात विकेट पर 200 रन, **विकेट पतन:** 1-13, 2-48, 3-64, 4-70, 5-111, 6-150, 7-193, **गेंदबाजी:** अजमतुल्लाह ओमरजाई 4-0-41-1, उमेश यादव 3-0-35-1, राशिद खान 4-0-40-1, नूर अहमद 4-0-32-2, मोहित शर्मा 4-0-38-1, दर्शन नलकंडे 0.5-0-6-1.

रतलाम के आशुतोष शर्मा ने भी दिखाए आक्रामक तेवर, रेलवे भोपाल में हैं पदस्थ

सेंव, सोना व साड़ी के लिए मशहूर रतलाम का नाम अब आशुतोष शर्मा की बदौलत देश-विदेश में क्रिकेट के क्षेत्र में भी मशहूर होता जा रहा है। बता दें कि शशांक के अलावा पंजाब की इस रोमांचक जीत में 17 गेंदों में 31 रनों का अहम योगदान देने वाले आशुतोष शर्मा मप्र के रतलाम के रहने वाले हैं। उन्होंने टी20 डेब्यू 2018 में मप्र के लिए किया था। उन्होंने 2019 में मध्य प्रदेश के लिए केवल एक लिस्ट ए मैच खेला था। 11 टी20 मैच के करियर में उन्होंने 181.98 की स्ट्राइक रेट से 293 रन बनाए हैं। इसमें 4 अर्धशतक शामिल हैं। दुबई में आईपीएल 2024 के लिए हुए ऑक्शन में पंजाब किंग्स इलेवन (पीबीकेएस) ने ऑलराउंडर आशुतोष शर्मा को 20 लाख रुपये में खरीदा है। जवाहर नगर में रहने वाले आशुतोष शर्मा के पिता श्रीराम बाबू शर्मा बीमा अस्पताल में फार्मासिस्ट है। उनकी मां हेमलता गृहिणी व बड़े भाई अनिल शर्मा भवन निर्माण का कार्य करते है। आशुतोष वर्तमान में रेलवे टीम से खेलते हैं और रेलवे में ही भोपाल में दो वर्ष से पदस्थ हैं।

जिस शशांक सिंह को खरीदकर पछता रही थी पंजाब, उसने ही कर दिया मैच में कमाल

मप्र में क्रिकेट का कहकरा सीखने वाले शशांक सिंह ने गुरुवार को आईपीएल में अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए धूम मचा दी है। बता दें कि शशांक मध्य प्रदेश में जबलपुर डिविजन से क्रिकेट खेल चूके है। इसके अलावा शशांक ने भोपाल में इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के अलावा कई ओपन टूर्नामेंट में भी अपनी भागीदारी दी हैं। शशांक पिछले कई सालों से आईपीएल में खेल रहे हैं। वहीं शशांक के पिता शैलेष सिंह मध्य प्रदेश में स्पेशल डीजी के पोस्ट पर कार्यरत हैं। इसके अलावा शशांक छत्तीसगढ़ की ओर से रणजी ट्रॉफी मैच खेलते है। वे एक धाकड़ बल्लेबाज हैं। वह ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए जाने जाते हैं। साथ ही वे गेंदबाजी करने में भी सक्षम हैं। मिनी ऑक्शन के दौरान शशांक सिंह का नाम आया तो किसी अन्य टीम ने इंट्रेस्ट नहीं लिया। इसके बाद पंजाब की टीम ने उन्हें खरीद लिया। अचानक पंजाब की टीम को लगा कि उन्होंने गलत खिलाड़ी को खरीद लिया है। असल में शशांक सिंह नाम का एक अन्य खिलाड़ी भी है, जो बंगाल की तरफ से खेलता है। बाद में कंफ्यूजन दूर हुआ और पंजाब की टीम ने एक्स पर पोस्ट डालकर क्लियर किया कि वह शशांक सिंह को खरीदकर संतुष्ट हैं। शशांक ने लिस्ट ए क्रिकेट में 10 दिसंबर 2015 को विजय हजारे ट्रॉफी से पदार्पण किया था। वहीं फरवरी 2017 में उन्हें 2017 के इंडियन प्रीमियर लीग के लिए दिल्ली डेयरडेविल्स टीम ने 10 लाख में खरीदा था। दिसंबर 2018 में, उन्हें राजस्थान रॉयल्स द्वारा 2019 इंडियन प्रीमियर लीग के लिए खिलाड़ी की नीलामी में खरीदा गया था। उन्होंने 9 दिसंबर 2019 को छत्तीसगढ़ के लिए 2019-20 रणजी ट्रॉफी में प्रथम श्रेणी में पदार्पण किया।

आईपीएल 2024 के 17वें मैच में पूरे हुए 300 सिक्स

आईपीएल 2024 का 7वां मैच गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। इस मैच के पहले ओवर में जैसे ही शुभमन गिल ने हरप्रीत बराड़ की गेंद पर सिक्स लगाया। मौजूदा सीजन में कुल छक्कों की संख्या 300 हो गई। 300 छक्कों का मुकाम इस साल 17वें मैच में ही छू लिया गया है। इस दौरान हर 12.5 गेंद या हर 13वीं गेंद पर एक सिक्स लगा है। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है जब आईपीएल5 सीजन में सिक्स की बरसात हुई हो। इसके पहले भी चार सीजनों में जमकर हिटिंग देखने को मिली है। लेकिन उन सीजनों में 17 मैचों में इतने सिक्स नहीं लगे। गौर करने वाली बात है कि इस सीजन में दो बार 270 से ज्यादा का स्कोर टीमें बना चुकी हैं। पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने 277 का स्कोर बनाया तो बीती रात कोलकाता नाइटराइडर्स ने 272 रन का स्कोर बना दिया। इस दोनों ही मैचों में जमकर सिक्स लगे। उसी का नतीजा छक्के लगने की संख्या में देखने को मिल रहा है।

मुस्ताफिजूर के बिना जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी सीएसके

हैदराबाद। फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान के बिना चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी जो अपना दिन होने पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में सक्षम है। मुकाबला शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। दिल्ली कैपिटल्स से पिछले मैच में पराजय झेलने के बाद चेन्नई टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी। दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। उसके बल्लेबाजों ने मुंबई के खिलाफ दूसरे मैच में आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर बनाया था हालांकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अभी तक प्रभावित नहीं कर सके हैं।

आईपीएल 2024 अंक तालिका

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक	रन रेट
कोलकाता	3	3	0	6	2.518
राजस्थान	3	3	0	6	1.249
चेन्नई	3	2	1	4	0.976
लखनऊ	3	3	1	4	0.483
पंजाब	4	2	2	4	-0.220
गुजरात	4	2	2	4	-0.580
हैदराबाद	3	1	2	2	0.204
बेंगलुरु	4	1	3	2	-0.876
दिल्ली	4	1	3	2	-1.347
मुंबई	3	0	3	0	-1.423

इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 56 रन से हराया

हैमिल्टन (एजेंसी)। टैमी ब्यूमोंट की 81 रनों की शानदार पारी और उसके बाद नेट साइवर-ब्रंट की घातक गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने गुरुवार को आईसीसी महिला चैंपियनशिप के दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 56 रन से हराया दिया है। 253 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की महिला टीम ने अपने शुरुआती चार विकेट 66 रन के स्कोर पर गवां दिये थे। जॉर्जिया प्लिमर सात रन, सुजी बेट्स 28 रन, अमेलिया केर 14 रन और मैडी ग्रीन सात रन बनाकर आउट हुई। एक समय ऐसा लग रहा था कि न्यूजीलैड की टीम जल्द ही सिमट जायेगी। ऐसे संकट के समय में ब्रुक हॉलिडे और इसाबेला गाजे ने पारी को संभाला। दोनों के बीच बीच पांचवें विकेट लिये 100 रनों की साझेदारी हुई। इसाबेला गाजे 47 रन पर आउट हुई। वहीं ब्रुक हॉलिडे ने टीम के लिए सर्वाधिक 57 रनों की पारी खेली। हन्ना रोवे 16रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद न्यूजीलैंड की कोई भी बल्लेबाज पिच नहीं टिक सकी और पूरी टीम 45 ओवर में 196 रन ही बना सकी और उसे 56 रन से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड की ओर से नेट साइवर-ब्रंट ने तीन विकेट लिये। केट क्रॉस, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीती सीरीज

मीरपुर। कप्तान अलिसा हीली 45 रन और तालिया मैक्ग्रा के नाबाद 43 रनों की शानदार पारियों और उसके बाद कातिलाना गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने गुरुवार को तीसरे टी-20 मैच में बांग्लादेश को 77 रनों से हराकर सीरीज 3-0 से जीत ली है। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम के खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने पिच पर टिक नहीं दिया। उसके लगातार विकेट गिरते गये। कप्तान निगार सुल्ताना ने टीम के लिए सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। दिलारा अख्तर 10 रन और फाहिमा खातून 11 रन बनाने वालों में थी शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका और पूरी टीम 18.1 ओवर में 78 रन पर सिमट गई और उसे 77 रनों से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने एकदिवसीय सीरीज में 3-0 से हराने के बाद टी-20 सीरीज में भी बांग्लादेश का सफाया कर दिया है।

रोप स्कीपिंग में बीयू के आयुष ने जीता गोल्ड

एलएनसीटी के अमन को मिला रजत पदक

भोपाल। भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वावधान में एलएनसीटी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एआईयू जोनल रोप स्कीपिंग महिला-पुरुष प्रतियोगिता के पहले इवेंट वन लेग स्विच पुरुष वर्ग का स्वर्ण पदक आयुष दिवाकर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल ने जीता। वहीं रजत पदक अमन सोलंकी एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल, कांस्य पदक अनंत शुक्ला महात्मा गांधी विश्वविद्यालय वाराणसी को मिला। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ एलएनसीटी विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम कोलार रोड भोपाल में किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर सभी विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों द्वारा मार्च पास्ट किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अनुपम चौकसे कुलाधिपति जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, प्रो. डॉ. एनके थापक वाइस चांसलर, डॉ. अजीत सोनी रजिस्ट्रार, पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, डॉ बीएस पवार एचओडी स्कूल का फिजिकल एजुकेशन, आरके शर्मा प्रतियोगिता संयोजक, तनवंत सिंह स्पर्धा सचिव द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विश्वविद्यालय से आए कोच एवं मैनेजर को सम्मानित किया गया। सभी रैफरी को टीशर्ट शर्ट देकर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय इस एआईयू जोनल रोप स्कीपिंग प्रतियोगिता में 35 विश्वविद्यालयों के 350 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस एआईयू जोनल रोप स्कीपिंग प्रतियोगिता में मास्टर इवेंट में वन लेग स्विच, फ्री स्टाइल, स्पीड जोगर एवं टीम इवेंट में डबल टच सिंगल फ्री स्टाइल, सिंगल टच एलथ्री स्पीड इवेंट्स का आयोजन किया जा रहा है।

दक्षिण अफ्रीकी फुटबॉलर और ओलंपियन ल्यूक फ्लूर्स की हत्या

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के फुटबॉलर और ओलंपियन ल्यूक फ्लूर्स की यहां लूटपाट की एक घटना में हत्या कर दी गई। उनके क्लब काइजेर चीफ्स ने यह जानकारी दी। 24 वर्ष के डिफेंडर ल्यूक को उस समय गोली मारी गई जब वह हनीड्यू इलाके में पेट्रोल पंप पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। क्लब ने एक बयान में कहा, ल्यूक फ्लूर्स की जोहानिसबर्ग में लूटपाट की घटना में कल रात हत्या हो गई है। इस कठिन समय में उनके परिवार और दोस्तों के प्रति हमारी संवेदनाएं। पुलिस के प्रवक्ता मावेला मासोंडो ने बताया कि हमलावर ल्यूक की कार लेकर भाग गए। पुलिस कार लूटने और हत्या की जांच कर रही है। फ्लूर्स तोक्यो ओलंपिक में दक्षिण अफ्रीका टीम का हिस्सा थे।

थॉमस और उबेर कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान,सिंधू ने वापस लिया नाम

नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन संघ ने आगामी थॉमस कप और उबेर कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। थॉमस कप में भारतीय पुरुष टीम, जबकि उबेर कप में भारतीय महिला टीम चुनौती पेश करेगी। इसमें टीम के तौर पर सिंगल्स और डबल्स के मुकाबले खेले जाएंगे। भारत की वरिष्ठ चयन समिति ने इस सीजन में सभी खिलाड़ियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए सिंगल्स में ज्यादा से ज्यादा विकल्प रखने का फैसला किया है। इसके अलावा पीवी सिंधू ने व्यस्त कार्यक्रम की वजह से पहले ही नाम वापस ले लिया है। उनकी गैरमौजूदगी में चयन समिति ने उबेर कप के लिए एकदम युवा महिला टीम चुनी है। शीर्ष भारतीय युगल टीमों तनीषा क्रैस्टो, अश्विनी पोनप्पा, ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने भी इसी तरह के कारणों का हवाला देते हुए महिलाओं के लिए विश्व बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप उबेर कप से हटने का फैसला किया है। इस टूर्नामेंट में मलेशिया, जापान, डेनमार्क, इंडोनेशिया जैसी टीमें शामिल होती हैं और चुनौती पेश करती हैं। ओलंपिक की तैयारी के लिहाज से यह टूर्नामेंट भारतीय खिलाड़ियों के लिए अहम साबित हो सकता है। इस साल ये दोनों टूर्नामेंट 27 अप्रैल से पांच मई तक चीन के चेंगदू में आयोजित किया जाएगा। भारतीय टीम थॉमस कप की डिफेंडिंग चैंपियन है। उसने 2022 में थाईलैंड में खेले गए टूर्नामेंट में 14 बार की चैंपियन इंडोनेशिया की टीम को 3-0 से हराकर पहली बार खिताब पर कब्जा जमाया था।

थॉमस कप टीम सिंगल्स: एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज।

डबल्स: सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, एमआर अर्जुन, ध्रुव कपिला और साई प्रतीक।

उबेर कप टीम सिंगल्स: अनमोल खरब, तन्वी शर्मा, अश्मिता चालिहा और ईशारानी बरुआ।

डबल्स: श्रुति मिश्रा और प्रिया कोन्जेंगबाम, सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर।

फिरोजा के खिलाफ अभियान शुरू करेंगे प्रगनानंदा

वैशाली के सामने कड़ी चुनौती

टोरंटो। भारत के स्टार खिलाड़ी आर प्रगनानंदा कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ करेंगे। वहीं, ऑल इंडियन मुकाबले में डी गुकेश और विदित गुजराती आमने-सामने होंगे।

गुकेश को शुरुआती हाफ में सफेद मोहरों से खेलते हुए फायदा उठाना होगा। विदित के लिए मोहरों का रंग अधिक मायने नहीं रखता और वह अच्छी स्थिति का फायदा उठाने के लिए जाने जाते हैं। दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ियों फाबियानो कारुआना और हिकारू नाकामूरा के बीच ऑल अमेरिकी मुकाबला होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले में निजात अबासोव की भिड़ंत रूस के इयान नेपोमनियाची से होगी। प्रगनानंदा ने कहा, यह रोमांचक होने वाला है।

सौम्या तिवारी का एनसीए के लिए हुआ चयन

भोपाल। अरेरा क्रिकेट अकादमी की सौम्या तिवारी को बीसीसीआई द्वारा गठित आल इंडिया विमेंस चयन समिति ने उसके अंडर 23 एज ग्रुप में नेशनल विमेंस प्रतियोगिता के हाई परफॉरमेंस के आधार पर एनसीए कैंप बंगलौर 22 अप्रैल से 16 मई तक के लिए चयन किया गया है। पिछले वर्ष एनसीए कैंप के प्रदर्शन पर सौम्या अंडर19 वर्ल्ड कप और एशिया इमर्जिंग कप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। सौम्या इस वर्ष नेशनल अंडर23 टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश टीम की कप्तान के रूप में चार पारियों में नाबाद रही जिसमें 2 अर्धशतक और नाबाद शतकीय पारी रही। पिछले महीने सेंट्रल जोन के लिए चयनित हुई थी। सौम्या तिवारी अरेरा क्रिकेट अकादमी में शुरू से प्रशिक्षण ले रही हैं। सौम्या के चयनित होने पर अकादमी के सभी खिलाड़ियों एवं पदाधिकारियों ने बधाईयां देते हुए बेहतर प्रदर्शन के शुभकामनाएं दी।

'काम चालू है' दिलों में बनाएगी खास जगह -राजपाल यादव

मुंबई (आईएएनएस)। राजपाल यादव स्टारर अपकमिंग स्ट्रीमिंग फिल्म 'काम चालू है' जिंदगी की असली कहानी पर आधारित है। फिल्म सड़क पर पड़े गड्ढों के चलते होने वाली दुर्घटनाओं और परेशानियों की ओर लोगों का ध्यान खींचती हैं। फिल्म में राजपाल यादव मनोज पाटिल के किरदार में हैं, जिसकी दुनिया उनकी बेटी गुड़िया और पत्नी राधा के इर्द-गिर्द घूमती है। अपनी बेटी के क्रिकेटर बनने के सपने को पूरा करना उसके जीवन का मिशन है। गुड़िया के क्रिकेट टूर्नामेंट में सलेक्शन होने से वह काफी खुश हैं। इस बीच उसकी जिंदगी में भयानक मोड़ आता है, जब प्रशासन की गलती के चलते उसकी बेटी की जान सड़क दुर्घटना में हो जाती है। सड़क पर गड्ढे के चलते उसकी बेटी हादसे का शिकार हो जाती है। इसके बाद वह अधिकारियों के खिलाफ एक मिशन शुरू करता हैं, जो काफी असाधारण है। फिल्म 'काम चालू है' को पलाश मुच्छल ने निर्देशित किया है। पलाश ने ही राजपाल यादव के साथ फिल्म 'अर्ध' बनाई थी। फिल्म के बारे में बात करते हुए, राजपाल ने कहा, 'अर्ध' में पलाश के साथ काम करना बेहतरीन था और इसलिए, जब उन्होंने मुझसे 'काम चालू है' के बारे में बात की, तो मैंने तुरंत हां कर दी। फिल्म में दिल छू लेने वाली कहानी है, इसमें माता-पिता एक दुखद दुर्घटना के चलते अपने बच्चे को खो देते हैं।

'मामला लीगल है' का सीजन-2 जल्द

मुंबई (आईएएनएस)। रवि किशन स्टारर फिल्म 'मामला लीगल है' के मेकर्स ने गुरुवार को कोर्टरूम कॉमेडी ड्रामा के दूसरे सीजन की घोषणा की। वीडियो में वीडी त्यागी उर्फ रवि को यह कहते हुए दिखाया गया है, त्यागी मेरा नाम नहीं, एटीट्यूड भी है। सीजन-2 हंसी और ठहाकों से भरपूर है, और दर्शकों को यह देखने को मिलेगा कि क्या वीडी त्यागी को न्याय मिलेगा या नहीं? क्या सुजाता दीदी (निधि बिष्ट) को एसी चैंबर मिलेगा? क्या अनन्या श्रॉफ सच्चाई और न्याय के लिए लड़ना जारी रखेंगी? पोस्ट का कैप्शन है, हंसता हुआ वकील सबसे बेस्ट दिखता है, इसलिए पटपड़गंज के क्यूटीज लौट रहे हैं!! 'मामला लीगल है' जल्द ही दूसरे सीजन के साथ लौट रहा है, केवल नेटफ्लिक्स पर।

'प्लेटफॉर्म शूज' को फैशन में वापस लाना चाहती हैं अलाया एफ

मुंबई (आईएएनएस)। एक्ट्रेस अलाया एफ 'प्लेटफॉर्म शूज' के फैशन ट्रेंड को वापस लाना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने बताया कि उन्हें प्लेटफर्म स्नीकर्स और हील्स बेहद पसंद हैं और हर समय उन्हें पहनती हैं। स्टाइल के बारे में बात करते हुए अलाया ने कहा, एक फैशन ट्रेंड, जिसे मैं वापस लाना चाहूंगी वह है प्लेटफॉर्म शूज। मुझे लगता है कि जेनरेशन-जेड प्लेटफॉर्म स्नीकर्स ला रही हैं, जो मुझे पसंद है। मैं प्लेटफॉर्म स्नीकर्स की दीवानी हूं। उन्होंने कहा, मैं हर समय प्लेटफॉर्म स्नीकर्स पहनती हूं और अब जब यह फैशन में वापस आ गया है तो अच्छे प्लेटफॉर्म स्नीकर्स के लिए बहुत सारे ऑप्शन हैं। 26 वषीय एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि वह प्लेटफॉर्म हील्स को फिर से ट्रेंड में आते देखकर क्यों खुश हैं। मैं प्लेटफॉर्म हील्स को फिर से फैशन ट्रेंड में आते हुए देखकर काफी खुश हूं, क्योंकि मुझे बड़ी हील्स पसंद है। ऐसी कोई चीज नहीं है जो मुझे उन छोटी हील्स से ज्यादा परेशान करती हो और वैसे भी छोटी हील्स का मतलब भी क्या है? मुझे बड़ी हील्स बेहद पसंद है।।

मानवी गागरू ने संजय दत्त का डायलॉग किया कॉपी

मुंबई (आईएएनएस)। एक्ट्रेस मानवी गागरू ने संजय दत्त स्टारर फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' से कुछ लाइन्स कॉपी की और इनका इस्तेमाल लंदन ट्रिप की फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में किया। मानवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर हम्मस, ब्रेड और कुछ मसालेदार सब्जियों समेत कई डिशेज की एक झलक शेयर की। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, खवानु, पीवानु, मज्जा नी लाइफ

(खाओ, पीयो और जिंदगी के मजे लो)। कैप्शन के लिए उन्होंने जिस लाइन का इस्तेमाल किया, वह राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित कॉमेडी ड्रामा 'मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस.' की फिल्म से लिया गया। यह फिल्म 2003 में रिलीज हुई थी। इस डायलॉग को संजय दत्त कैरम सीन में बोलते हैं। फिल्म में दिवंगत एक्टर सुनील दत्त, ग्रेसी सिंह और बोमन ईरानी भी हैं। मानवी को पिछली बार 2020 में बॉलीवुड फिल्म 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' में देखा गया था।

अरमान मलिक शुरू करेंगे रेडियो शो ओनली जस्ट बिगन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के जानेमाने गायक-गीतकार अरमान मलिक 'ओनली जस्ट बिगन' नामक अपने एप्पल म्यूजिक रेडियो शो के साथ डेब्यू करने वाले पहले भारतीय बन गये है। अरमान मलिक अपने प्रभाव को नए क्षेत्रों में फैला रहे है। अरमान मलिक पहले भारतीय संगीतकार के रूप में एक नई शुरुआत करते हुए, अपने बहुप्रतीक्षित रेडियो शो 'ओनली जस्ट बिगन' की शुरुआत कर रहे है, जो विशेष रूप से दुनिया भर में एप्पल म्यूजिक पर उपलब्ध है। पांच अप्रैल, को शुरू होने वाले इस शो में म्यूजिक इंडस्ट्री से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की हस्तियां शामिल होगी।

भोजपुरी लोकगीत 'मछरी मारे ओढ़निया से' रिलीज

मुंबई (वार्ता)। गायिका शिवानी सिंह और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का लोकगीत 'मछरी मारे ओढ़निया से' रिलीज हो गया है। गीत को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार है। इस गीत को शिवानी सिंह ने गाया है। इस गाने को आशुतोष तिवारी एवं अनीश ने लिखा है, जबकि संगीतकार आर्या शर्मा है। है। है।

आशुतोष राणा ने महाकालेश्वर मंदिर में की पूजा अर्चना

मुंबई (आईएएनएस)। अभिनेता आशुतोष राणा परिवार के साथ मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे। अभिनेता का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह मंदिर के नंदी हॉल में व्हाइट कुर्ता पाजामा और नेहरू जैकेट में मंदिर में पूजा करते हुए नजर आ रहे हैं। अभिनेता का मंदिर के पदाधिकारियों और सदस्यों ने स्वागत सत्कार किया। हालांकि, यह पहली दफा नहीं है कि जब वह महाकालेश्वर मंदिर आए। वो कई बार यहां आ चुके हैं। अपने 31 वर्ष के फिल्मी करियर में अभिनेता ने 'दुश्मन' और ' जैसी फिल्मों में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरकर एक शानदार अभिनेता की छवि गढ़ी है। इसके अलावा वह 'घुलम', 'ज़ख्म', 'बादल' और 'राज़' जैसी फिल्मों में भी अभिनय कर चुके हैं। हाल ही में वह 'पठान', 'वॉर', 'सिमब्या', 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' और 'धधक' जैसी फिल्मों में भी नजर आए थे जिसमें उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया था।

अंडरसी टनल से लोकेशन पर पहुंची विद्या मालवड़े

मुंबई (आईएएनएस)। मुंबई में कोस्टल रोड से सफर करते हुए एक्ट्रेस विद्या मालवड़े ने एक वीडियो शेयर किया। इस रोड से एक्ट्रेस महज 25 मिनट में अपने लोकेशन पर पहुंच गईं। विद्या ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी कार से एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में एक्ट्रेस अपने ड्राइवर से पूछती हैं कि क्या टनल समुद्र के अंदर बनायी गई है। इस पर, उनका ड्राइवर 'हां' में जवाब देता है। बता दें कि टनल दो किलोमीटर लंबी है, और यह मरीन ड्राइव और बांद्रा-वली सी लिंक को जोड़ती है। बच्चों की तरह एक्साइटमेंट दिखाते हुए, एक्ट्रेस ने कहा, मैं सरप्राइज्ड हूं और बहुत खुश भी... मैं बेहद एक्साइटेड हूं। विद्या ने क्लिप शेयर करते हुए कैप्शन दिया, 'मुंबई में टनल*मैं सच में काफी एक्साइटेड हूं।

'तिलस्मी बाहें' में बिदांस अंदाज में दिखीं सोनाक्षी

मुंबई (आईएएनएस)। अपकमिंग सीरीज 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' का पहला गाना 'तिलस्मी बाहें' सामने आया है। इस गाने को संजय लीला भंसाली ने कंपोज किया है। गाने की रिलीज को लेकर एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर गाने की कुछ झलकियां शेयर की हैं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक रील शेयर की। वीडियो की शुरुआत गाने के दृश्य से होती है। जिसके बाद अभिनेत्री कहती हैं, दोस्तों, यह मेरा पहला भंसाली गाना है। ट्रैक की शूटिंग के लिए 20 मिनट से कम समय में सिर्फ एक शॉट लेने वाली एक्ट्रेस ने क्लिप को कैप्शन दिया, माय फर्स्ट भंसाली प्रोडक्शन्स सांग आउट, आप सबका शुक्रगुज़ार है। इसके बाद सोनाक्षी ने अपनी हेयर, मेकअप और स्टाइलिंग टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा, मेरी शानदार टीम को विशेष शुभकामनाएं, जो यह सुनिश्चित करती हैं कि मैं ऑन और ऑफ स्क्रीन चमकती रहूं, टीम वर्क सपनों को पूरा करता है।

दिमागी सेहत के लिए संतुलित आहार जरूरी

कैंब्रिज/शंघाई (द कन्वरसेशन) ताजा सब्जियों की ताजगी से लेकर मलाईदार मिठाइयों के स्वाद तक, हम सभी की खाने की प्राथमिकताएं अलग-अलग होती हैं। आनुवंशिकी, संस्कृति और व्यक्तिगत अनुभवों के आधार पर हमारी स्वाद ग्रंथियां विशिष्ट रूप से विकसित होती हैं। खाद्य प्राथमिकताएँ हमारी आहार संबंधी आदतों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

अब हमने पाया है कि जो भोजन आप खाने के लिए चुनते हैं वह न केवल आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा होता है, बल्कि आपके संज्ञानात्मक कार्य, मस्तिष्क संरचना और आनुवंशिकी से भी जुड़ा होता है। फास्ट फूड के प्रति व्यापक प्राथमिकता दुनिया भर में मोटापे में वृद्धि में योगदान दे रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 2022 में दुनिया भर में आठ में से एक व्यक्ति मोटापे से ग्रस्त था। 1990 के बाद से यह दर दोगुनी हो गई है। मोटापा न केवल टाइप 2 मधुमेह और हृदय रोग सहित बीमारियों के बढ़ते जोखिम से जुड़ा है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य विकारों के 30-70 प्रतिशत अधिक जोखिम से भी जुड़ा है।

स्वस्थ, संतुलित आहार के लाभ

नेचर मेंटल हेल्थ में प्रकाशित चीन की फुडन यूनिवर्सिटी और यूके की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के एक नए सहयोगात्मक अध्ययन में यूके बायोबैंक के 181,990 प्रतिभागियों के एक बड़े नमूने का उपयोग यह जांचने के लिए किया गया कि भोजन के विकल्प संज्ञानात्मक कार्य, मानसिक स्वास्थ्य, चयापचय, मस्तिष्क इमेजिग और आनुवंशिकी से कैसे जुड़े है। । हमने सब्जियों, फलों, मछली, मांस, पनीर, अनाज, रेड वाइन, स्प्रिट और ब्रेड की खपत की जांच की। हमने पाया कि 57 प्रतिशत प्रतिभागियों ने स्वस्थ संतुलित आहार को प्राथमिकता दी। इसमें हमारे द्वारा जांचे गए सभी खाद्य पदार्थों का संतुलित मिश्रण शामिल था, किसी भी श्रेणी में अत्यधिक मात्रा नहीं थी। हमने आगे बताया कि स्वस्थ संतुलित आहार लेने वालों का मस्तिष्क स्वास्थ्य, संज्ञानात्मक कार्य और मानसिक स्वास्थ्य दूसरों की तुलना में बेहतर था। हमने संतुलित आहार की तुलना तीन अन्य आहार समूहों से की - कम कार्ब (18 प्रतिशत), शाकाहारी (6 प्रतिशत) और उच्च प्रोटीन/कम फाइबर (19 प्रतिशत)। हमने पाया कि जिन लोगों ने अधिक संतुलित आहार खाया उनमें अन्य आहारों की तुलना में बेहतर बुद्धि (नई समस्याओं को हल करने की क्षमता), प्रसंस्करण गति, स्मृति और कार्यकारी कार्य (मानसिक कौशल का एक सेट जिसमें लचीली सोच और आत्म-नियंत्रण शामिल है) बेहतर था। यह बेहतर मस्तिष्क स्वास्थ्य के अनुरूप भी है - उच्च ग्रे मैटर वॉल्यूम (मस्तिष्क की सबसे बाहरी परत) और बेहतर संरचित न्यूरॉन्स (मस्तिष्क कोशिकाएं) के साथ, जो मस्तिष्क स्वास्थ्य के प्रमुख संकेत है। शायद आश्चर्य की बात है कि शाकाहारी भोजन संतुलित आहार जितना अच्छा नहीं था। इसका एक कारण यह हो सकता है कि कई शाकाहारियों को पर्याप्त प्रोटीन नहीं मिल पाता है। मस्तिष्क के लिए दो स्वस्थ, संतुलित आहार है मेडिटेरेनियन और माइंड (न्यूरोडीजेनेरेटिव विलंब के लिए भूमध्यसागरीय हस्तक्षेप) आहार। ट । ` मछली (विशेष रूप से तैलीय मछली), गहरे रंग की पत्तेदार सब्जियां और ताजे फल, अनाज, मेवे, बीज, साथ ही कुछ मांस, जैसे चिकन को बढ़ावा देते है। लेकिन ये आहार लाल मांस, वसा और शर्करा को भी सीमित करते है।

आगे के रास्ते : यह स्पष्ट है कि स्वस्थ संतुलित आहार अपनाना और व्यायाम करना हमारे दिमाग के लिए अच्छा हो सकता है। लेकिन कई लोगों के लिए, यह कहना आसान है लेकिन करना आसान नहीं है, खासकर यदि उनकी वर्तमान भोजन प्राथमिकताएं बहुत मीठे या उच्च वसा वाले खाद्य पदार्थों के लिए है। हालाँकि, भोजन संबंधी प्राथमिकताएँ नियति नही है। उदाहरण के लिए, यदि आप अपनी चीनी और वसा का सेवन धीरे-धीरे कम करते है और कई महीनों तक इसे बहुत कम स्तर पर बनाए रखते है, तो आप वास्तव में उस प्रकार का भोजन पसंद करना शुरू कर देंगे। बचपन में ही स्वस्थ भोजन प्राथमिकताएं और सक्रिय जीवनशैली स्थापित करना महत्वपूर्ण है। अन्य महत्वपूर्ण तकनीकें है धीरे-धीरे खाना, आप जो खाते है उस पर ध्यान देना और उसका आनंद लेना, न कि चलते-फिरते या अपने मोबाइल स्क्रीन को देखते हुए सैंडविच खत्म करना। मस्तिष्क को यह दर्ज करने में समय लगता है कि पेट भर गया है। उदाहरण के लिए, यह दिखाया गया है कि उपभोक्ता आमतौर पर टेलीविजन देखते समय, संगीत सुनते समय या दूसरों की उपस्थिति में अधिक खाते है, क्योंकि ध्यान भटकने से आंतरिक तृप्ति संकेतों पर हमारी निर्भरता कम हो जाती है। यह देखा गया है कि मित्रों का सामाजिक समर्थन भी स्वस्थ खान-पान की आदतों के पालन को प्रोत्साहित करता है, जैसा कि संज्ञानात्मक व्यवहार थेरेपी है। ध्यान भटकाना एक और उत्कृष्ट तकनीक है - वस्तुतः आप जो कुछ भी करना चाहते है (वह खाना नहीं है) वह मदद कर सकता है।

मतदाताओं को मत देने के लिए प्रशासन चलाएगा जागरूकता अभियान

बीएलओ और ग्राम प्रधानों को दिलाई गई शपथ

प्रखर पिंडरा वाराणसी। मत देने से वंचित रहने वाले लोगों को जिला प्रशासन उन्हें पत्र के माध्यम से वोटिंग करने के लिए जागरूक करेगा। यही नही उनके घर पर बीएलओ में दस्तक देंगे। जिससे शत प्रतिशत मतदान हो । उक्त बातें एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा ने बीएलओ की प्रशिक्षण देते हुए कही। पिंडरा तहसील सभागार में आयोजित बैठक में बीएलओ को निर्देशित किया कि जो भी अनुपस्थित लोग यानी गांव से बाहर रहने वाले वोटरों को वोटर लिस्ट से बोगस सूची में नाम डालने, मृतक मतदाताओं की सूची बनाने तथा बुजुर्ग मतदाताओं की सूची बनाने तथा उन्हें बूथ तक पहुचाने की योजना बनाने के निर्देश दिया। इस दौरान मतदाता पर्ची बनाने के बाबत प्रशक्षिण दिया गया। अंत मे शत प्रतिशत मतदान के प्रेरित करने के लिए शपथ दिलाई गई। वही दोपहर बाद पिंडरा ब्लॉक मुख्यालय के सभागार में ग्राम प्रधानों के साथ एसडीएम ने बैठक कर शत प्रतिशत मतदान में सहयोग देने के साथ मतदान केंद्रों की व्यवस्था ठीक करने मसलन दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प निर्माण, पेयजल व मतदान केंद्रों की बाउंडरी वाल को पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे मतदान के दिन कोई व्यवधान न आये। इसके बाद ग्राम प्रधानों को भी शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान एसडीएम प्रतिभा मिश्रा, तहसीलदार विकास पांडेय, बीडीओ छोटेलाल तिवारी, एडीओ पंचायत अशोक चौबे, एडीओ प्रियंका मिश्रा, कैलाश यादव समेत अनेक समेत अनेक अधिकारी, ग्राम प्रधान रहे।

दिलदारनगर व एन्टी नारकोटिक्स फोर्स ने किया 26 किलो 800 ग्राम गांजे के साथ 02 गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी जमानियां के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दिलदारनगर विजय प्रताप सिंह मय हमराह कर्मचारीगण व प्रभारी एन्टी नारकोटिस्क टास्क फोर्स उप निरीक्षक सुरेश गिरी मय हमराह कर्मचारीगण के संयुक्त टीम द्वारा कसेरूआ मोड़ नगर पुलिया के पास से 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः मदन गुप्ता पुत्र स्व0 रामलाल गुप्ता तथा विश्वजीत गुप्ता उर्फ आकाश गुप्ता पुत्र मदन गुप्ता निवासीगण ग्राम बडौरा थाना रामगढ जनपद कैमूर भभुआ बिहार को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से एक बोरी मे 26 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा व एक अदद बजाज पल्सर गाड़ी रजि0नं0 बीआर 45 एन 4873 व दो अदद मोबाईल व 765 रुपए नगद बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना दिलदारनगर में मु0अ0स0 50/24 धारा 8/20 एनडीपीसी एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह मय फोर्स थाना दिलदारनगर जनपद गाजीपुर तथा प्रभारी एएनटीएफ उप निरीक्षक सुरेश गिरी मय टीम जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

काशी विद्यापीठ के विधि विभाग में हुआ विशेष व्याख्यान

वाराणसी। विधि विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में शुक्रवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रो. मोनिका चावला, संकायाध्यक्ष, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला ने कहा कि विधि क्षेत्र का विस्तार समय के अनुसार बढ़ता ही जा रहा है। आज के समय में प्रौद्योगिकी का बढ़ता वर्चस्व विधि के कार्यों में मददगार साबित हो रहा है। प्रो. चावला ने विधि छात्रों को पारम्परिक शिक्षा के साथ कम्प्यूटर की शिक्षा पर भी समान रूप से अध्ययन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विधि शिक्षा एक ओर रोजगार मुहैया करा रही है तो दूसरी ओर महिलाओं को भी सशक्त बना रही है। डॉ. नवीन प्रकाश वर्मा, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी ने कहा कि विधि शिक्षा लोगो को जागरूक कर रही है। विधि छात्रों का कर्तव्य है कि समाज को जागरूक करें। इस अवसर पर निमिता चौधरी, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने भी छात्रों के साथ अनुभव साझा किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. रंजन कुमार ने किया। संचालन डॉ. मेराज हाशमी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शिल्पी गुप्ता ने किया।

हिन्दुओं के नववर्ष का धर्मशास्त्र विषय पर प्रवचन!

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को अपने घर में ब्रह्मध्वज की स्थापना कर नववर्ष मनाएं! - श्रीमती प्राची जुवेकर, सनातन संस्था

प्रखर वाराणसी। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही ब्रह्मदेव ने ब्रह्मांड की निर्मिति की। उनके नाम से ही ब्रह्मांड नाम प्रचलित हुआ। हिन्दू धर्म में साढेतीन मुहूर्त बताए गए हैं, वे हैं - चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, अक्षय तृतीया एवं दशहरा, प्रत्येक का एक एवं कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा का आधा। इन साढेतीन मुहूर्तों की विशेषता यह है कि अन्य दिन शुभकार्य करने के लिए मुहूर्त देखना पडता है; परंतु इन चार दिनों का प्रत्येक क्षण शुभ मुहूर्त ही होता है। इस दिन को संवत्सरारंभ, गुडी पडवा, विक्रम संवत् वर्षारंभ, युगादि, वर्षप्रतिपदा, वसंत ऋतु प्रारंभ दिन आदि नामों से भी जाना जाता है। इसका महत्व क्या है तथा इसे कैसे मनाना चाहिए, इसके बारे में सनातन संस्था की ओर से यहां के नक्कीघाट स्थित त्रिदेव मंदिर में आयोजित सत्संग में

श्रद्धालुओं को जानकारी दी गई। उसमें यह बताया गया कि नववर्ष के दिन सूर्योदय से पूर्व ही ब्रह्मध्वज अपने घर में खडी करना चाहिए, उसके माध्यम से उस दिन ब्रह्मतत्व तथा प्रजापति तरंगों का लाभ पूजक को अधिक मात्रा में होता है। ब्रह्मध्वज बनाने के लिए :

१. प्रथम बांस को पानी से धोकर सूखे वस्त्र से पोंछ लें ।

२. पीले वस्त्र की चुन्नट बना कर उसे बांस के ऊपरी भाग में बांधें।

३.उस पर नीम की टहनी, बताशे की माला, फूलों का हार बांधें।

४. कलश पर कुमकुम की पांच रेखाएं बनाकर उसे बांस की चोटी पर उलटा रखें ।

५. इस कलश सजी हुई ध्वज को पीढे पर खड करें एवं आधार के लिए डोरी से बांधें ।

६. ब्रह्मध्वज की पूजा कर, भावपूर्ण प्रार्थना करने के उपरांत नीम का प्रसाद सभी में बांटें ।

अधिकारियों की मौजूदगी में बिना चप्पल मासूम बच्चों को रैली के नाम पर दौड़ाया गया

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज। भारत के संविधान में 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदान किया गया है, जिसकी सम्प्राप्ति के लिए उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित कक्षा-1 से 8 तक के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के अधिकाधिक नामांकन को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से "स्कूल चलो अभियान" का सफल आयोजन विगत वर्षों से किया जा रहा है। दिनांक 0 5 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ होने वाले वर्तमान शैक्षिक सत्र में स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं महराजगंज जिला अधिकारी के दिशा निर्देश पर आज शुक्रवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी पिंगल प्रसाद राणा एवं बीडीओ बृजमनगंज के नेतृत्व में जूनियर हाईस्कूल बृजमनगंज से स्कूल चलों अभियान की रैली निकाली गई।इस रैली में 6 से 14 वर्ष तक के मासूम बच्चे बच्चियां शामिल थे।सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में बच्चों को निःशुल्क डेसकोड पाठ्य पुस्तक भोजन उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है परंतु रैली में बिना डेसकोड के काफी बच्चे मौजूद दिखे जिनके कपडे मैले कुचैले थे। अधिकांश बच्चों के पैरों में चप्पल तक नहीं था।बिना चप्पल के चिलचिलाती धूप में रैली के नाम पर मासूम बच्चों को एक किलोमीटर दौडाया गया।इस बारे मे मीडिया द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि 10 प्रतिशत ही बिना चप्पल एवं डेसकोड के मौजूद रहे अभी नये सत्र की शुरूआत हैं। रैली में मौजूद बीडीओ बृजमनगंज सच्चिदानंद शुक्ल से मीडिया द्वारा पूछने पर उन्होंने कहा कि मुझे सिर्फ बुलाया गया इसके बारे मैं कुछ नहीं कह सकता इसकी सारी जवाबदेही शिक्षा विभाग की है। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी पिंगल प्रसाद राणा विजय जायसवाल, पंकज गुप्ता, हरिद्वार यादव,मनोज जायसवाल, मनीष श्रीवास्तव, रामकुमार, कृष्णा नन्द, संत कुमार वर्मा सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

समारोहपूर्वक मना महिला भूमिहार समाज के नव्या क्लब का 9वां स्थापना दिवस, मतदान का लिया संकल्प

प्रखर ब्यूरो वाराणसी। महिला भूमिहार समाज नव्या क्लब का 9 वां स्थापना दिवस होटल लिलोटस के परिसर में हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे को केक खिलाकर बधाई देते हुए मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर संस्था की अध्यक्ष अनुपमा राय, संस्थापिका राजलक्ष्मी राय, सीमा सिंह ने किया। कार्यकर्ताओ द्वारा महिला भूमिहार समाज की संस्थापिका डा0 राजलक्ष्मी राय और संस्था की अध्यक्ष अनुपमा राय का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया गया। इसके पश्चात महिला भूमिहार समाज की संस्थापिका डा0 राजलक्ष्मी राय ने संस्था की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा की संस्था का उद्देश्य समाज की महिलाओ को एकजुट करना और निर्धन कन्या की विवाह के लिए मदद करना है। इसके साथ ही 9 साल की उपलब्धियो पर चर्चा की गई। संस्था की अध्यक्ष अनुपमा राय ने सभी उपस्थित महिलाओ से शपथ कराई कि वो अपने मत का सदुपयोग करेंगी और साथ में अपने परिचित व परिवार के सभी सदस्यों को मत का प्रयोग करावेंगी। शपथ दिलाने के बाद उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए आधी आबादी को भी मतदान प्रक्रिया में भाग लेना जरूरी है। स्थापना दिवस के अवसर पर स्मिता सिंह, सुष्मिता राय व मंजू राय ने एकल नृत्य व गीत प्रस्तुत कर सभी को भाव बिभोर कर दिया। आयोजन को सफल बनाने मे नीलिमा राय, प्राची राय, प्रीति राय, अंजली तिवारी, सौम्या का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन मधुलिका व रुबी राय ने किया। समारोह में पूजा, सरिता, सीमा, पूनम, अर्चना, अमिता, श्रद्धा, अर्पिता, साधना, प्रिया, संध्या व बबिता, ऋतु सिंह, नीतू उपस्थित रही। अन्त में आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद अनुपमा राय ने किया।

विद्यापीठ गंगापुर परिसर में कला मेला एवं सांस्कृतिक उत्सव 2024 का हुआ समापन

प्रखर वाराणसी। गंगापुर परिसर में कला मेला के समापन सत्र में मुख्य रहे अतिथि माननीय कुलपति प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी। मुख्य अतिथि सपत्नी एवं विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ0 सुनीता पांडेय, वित्त अधिकारी संतोष शर्मा ने संयुक्त रूप में दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। औपचारिक उद्घाटन के उपरान्त सभी सम्मानित अतिथियों का परिसर प्रभारी डॉ0 मनीष कुमार सिंह द्वारा द्वारा अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। ललित कला के विद्यार्थियों ने कुलगीत का गायन किया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया, मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंशु कुमारी द्वितीय स्थान भूमि शर्मा गुंजा बिंद ,आकांक्षा तिवारी और तृतीय स्थान सोनाली पांडे, नंदिता भारती ने प्राप्त किया, जबकि सांत्वना पुरस्कार आकांक्षा सिंह ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के एनटीपीसी परिसर के छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी और प्रथम स्थान प्राप्त किया प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में विशाल चंद तिवारी नंदिनी भूमि शर्मा और पीयूष विश्वकर्मा है जबकि द्वितीय स्थान गंगापुर परिसर के नाम रही जिसमें श्वेता पटेल, प्रतिमा पटेल ,संगीता पटेल ने रंगोली बनाई थी रंगोली विद्या का तीसरा पुरस्कार नंदिता भारती के नाम रही जिसने अकेले ही एक शानदार रंगोली का निर्माण किया था। रंगोली विद्या का सांत्वना पुरस्कार अंशु कुमारी और अभिजीत कुशवाहा को दिया गया। रंगोली विद्या में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए गंगापुर परिसर के छात्र उदय को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। छात्र- अंतर महाविद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नंदिनी द्वितीय स्थान पलक सोनी और तृतीय स्थान महिमा कुमारी तथा सांत्वना पुरस्कार भूमि शर्मा ने प्राप्त किया इसी प्रकार स्टॉल प्रदर्शनी के लिए भी उत्कृष्ट स्टॉल के लिए एन टी पी सी परिसर को प्रथम स्थान दिया गया। इसके साथ ही जगतपुर पीजी कालेज और शशिकांत सिंह महाविद्यालय के छात्रों को स्टॉल सज्जा के लिए पुरस्कृत किया गया। डॉ शुभ्रा वर्मा के निर्देशन मे रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा लिखित नाटक अभिशाप-कच देवयानी का मंचन किया गया। ललित कला शिक्षक डॉ अर्चना पांडे के निर्देशन में आयोजित भाव चित्र प्रदर्शनी का दायित्व छात्र हर्षिता ने निभाया और 100 से अधिक चित्र प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए गए। मूर्ति कलाध्यापक श्री गौरव दुबे जी ने भी अपने विद्यार्थियों के कौशल को प्रेरित कर लाजवाब टेराकोटा शिल्प को प्रदर्शित किया। मेला समापन समारोह में गंगापुर परिसर के सभी विषय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अलग अलग दायित्व ग्रहण कर इस आयोजन में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम संयोजक डॉ शशि कान्त नाग एवं सुमित घोष ने सभी आगत अतिथियों, प्रतिभागियों एवं आयोजन के सहयोगियों को धन्यवाद अर्पित किया। उक्त आयोजन में प्रमुख रुप से डॉ. सुनील विश्वकर्मा,डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव, डॉ. बेबी चौरासिया, डॉ. रीता, डॉ.अर्चना, डॉ. मनोज सोनकर, डॉ. राजेश, डॉ. जोशी, डॉ. आनन्द यादव, डॉ.रमेश,डॉ. रामप्रकाश, डॉ. महेंद्र, डॉ.सर्वेश, डॉ. नागेश डॉ. नंदबहादुर , डॉ.मोहित, डॉ. प्रशांत विश्वकर्मा की उपस्थिति रही।

नकदी कैश एवं मादक परिवहन पर निर्वाचन आयोग की नजर



प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज। जनपद महराजगंज लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर प्रदेश भर में आचार संहिता लागू है पुलिस अधीक्षक महराजगंज के दिशानिर्देश पर समस्त थाना क्षेत्र में ईद चैतरामनवमी त्योहार एवं लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था स्थापित करने के लिए पुलिस बल द्वारा फ्लैगमार्च कराया जा रहा है। बृजमनगंज थाना क्षेत्र में घूम रहे मजिस्ट्रेट की गाड़ी देख मीडिया को जानकारी मिली कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिले भर में नोडल अधिकारी को नियुक्त किया गया है संदिग्ध व्यक्ति नगदी एवं मादक परिवहन पर रखी जा रही हैं नजर। महराजगंज जिलाधिकारी ने कहा है कि जिले में आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करना है। इसका उल्लंघन पाए जाने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आयकर, जीएसटी, आबकारी एवं अन्य विभाग के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रवर्तन कार्य लगातार किया जाएं। संदिग्ध वाहन, संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध स्थलों की नियमित जांच होनी चाहिए। इस दौरान यह सुनिश्चित करें कि जांच टीम का आमजन के प्रति व्यवहार एवं आचरण अशोभनीय न हो। जांच के बहाने किसी का उत्पीड़न न हो।

संक्षिप्त खबरें

केडी पब्लिक स्कूल का हुआ उद्घाटन

प्रखर चंदवक जौनपुर। केडी पब्लिक स्कूल खानपुर सैदपुर गाजीपुर में 5 अप्रैल 2024 को उद्घाटन समारोह बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति व मंच पर इंद्रधनुष के रंगों की घटा बिखेरी गई। मुख्य अतिथि महेंद्र प्रताप (जज), प्रबंधक ई.जी. अभियंता अनिल यादव अध्यक्ष नत्था सिंह प्रधानाचार्य डा. प्यारेलाल, तथा अन्य अतिथि के आगमन के साथ दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। और शैक्षणिक एवम् सह पाठयक्रम गतिविधियों में विद्यालय की शैक्षणिक प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर अपने अभिवादन मुख्य अतिथि ने विद्यालय के कार्यक्रम आदर्शो तथा समसामयिक विषयों की सराहना की तथा शिक्षको एवं अभिवावक को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

केराकत ईदगाह पर साढ़े 7 बजे सुबह तथा नरहन ईदगाह पर 8 बजे सुबह होगी ईद की नमाज, रुअते हेलाल कमेटी की बैठक सम्पन्न

प्रखर केराकत जौनपुर। नगर के मोहल्ला शेखजादा स्थित शाही जामा मस्जिद में रुअते हेलाल कमेटी के अध्यक्ष सैय्यद अरशद अहमद उर्फ पप्पू की अध्यक्षता में आगामी ईद की नमाज के समय को तय करने के लिए शुक्रवार को सुबह कमेटी व सम्मानित जनों की बैठक की गई। बैठक में सभी से राय मशविरा कर सर्वसम्मति से तय हुआ कि ईद की नमाज मोहल्ला सिपाह केराकत स्थित ईदगाह पर सुबह साढ़े सात बजे तथा नरहन ईदगाह पर सुबह 8 बजे ईद की नमाज बड़े ही अकीदत व एहतराम के साथ अदा की जायेगी। इस मौके पर अफजाल अंसारी, फजल अन्सारी, गुफरान अन्सारी, डा0 आदिल, हाजी यूसुफ, अनीस खान, अजीज खान, सैय्यद फखरुज्जमा आदि सम्मानित जन मौजूद रहे।

जीएचके हॉस्पिटल में रोजेदारों ने किया इफ्तार

प्रखर जौनपुर। शहर के पॉलिटेक्निक चौराहा स्थित उमरपुर में जी एच खान हॉस्पिटल में रोजेदारों ने इफ्तार कर अपने मुल्क के अलावा दुनिया में हर तरफ अमन चैन हो इसके लिए दुआ की। वरिष्ठ सर्जन डॉ सैफ हुसैन खान ने जीएचके अस्पताल में रोजा इफ्तार के आयोजन के दौरान कहा कि रमजान इस्लामी और रूहानी तौर पर बरकतों वाला महीना है इसके अलावा चिकित्सक होने के नाते मुख्य रूप से रोजा रखने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया कि इंसानों के शरीर पर रोजा रखने की हालत में किस तरह के प्रभाव पड़ते हैं और उन्हें कितना लाभ मिलता है। अस्पताल में रोजा इफ्तार के आयोजन को लेकर कहा कि सिर्फ यह मकसद होता है कि अधिक संख्या में एक साथ जब इफ्तार करते हैं। अल्लाह से सभी एक साथ हांथ उठाकर देश दुनिया में अमन चैन आपसी भाईचारा एक दूसरे के दिलों में प्रेम मेल मिलाप दिलों में मोहब्बत कायम रहने की दुआ मांगते हैं तो यह दुआ ना मंजूर नहीं होती। नहीं तो इस दौर में कहां किसी के पास वक्त है कम से कम इस पाक माहे रमजान में रोजा इफ्तार के ही बहाने ही सभी साथ बैठ लेंते है और अल्लाह की बारगाह में साथ इबादत करने का भी कुछ समय के लिए मौका मिलता है। रोजा इफ्तार के बाद मौलाना जावेद अंसारी ने नमाजे मगरीब अदा कराई।मौके पर मुख्य रूप से रियाजुल हक,शाहनवाज मंजूर,आरिफ खान,डॉक्टर अरशद खान,डॉक्टर अजहर अहसन जाफरी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मोहम्मदाबाद में अकीदत के साथ पढ़ी गई जुमा की नमाज-ए-अलविदा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। माहे रमजान के आखिरी जुमा अलविदा की नमाज कस्बा मोहम्मदाबाद में शांति पूर्ण ढंग से संपन्न की गई। दिन शुक्रवार को कस्बा मोहम्मदाबाद की मस्जिदों में अलग-अलग समय पर दोपहर के तकरीबन 12:20 बजे से शुरू होकर लगभग 2:00 बजे तक जामा मस्जिदों में माहे रमजान के आखिरी जुमा अलविदा की नमाज कायम की गई। विदित हो कि रमजान माह के आखरी जुमा जो ईद से पहले पड़ती है, अलविदा की नमाज पढ़ी जाती है। मस्जिद के इमाम ने माहे रमजान उल मुकद्दस के बरकतों, रहमतों के फायदों को लोगों तक बताने का काम किया। जकात और फितरा की रकम के माध्यम से गरीबों मजलूमों और कमजोर लोगों की कैसे मदद की जा सकती है उसपर तफसीर से समझाने का काम किया। जामा मस्जिद मुहम्मदाबाद के पेश इमाम ने ईद की नमाज ईद के दिन सुबह 7:30 बजे अदा करने का एलान किया। साथ ही लोगों से अपील किया कि ईद की नमाज प्रशासन के निर्देश के क्रम में सड़क पर न पढ़ी जाए। क्षेत्र के मुसलमानो ने अलविदा की नमाज में मुल्क में अमन चैन आपसी भाईचारा के लिए दुआएं की गई। शांति और सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन चाक चौबंद नजर आ रही थी।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोड: 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालय: 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोड: 233001
सम्पर्क सूत्र: 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं